इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 अंक - 258 राजनांदगांव, बुधवार 05 अगस्त 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# संसद में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले पर हंगामा: खड़गे बोले- ईडी कहां है, रिजिजू ने कहा- विपक्ष घड़ियाली आंसू बहा रहा

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र के 12वें दिन राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। मंगलवार को लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 19 मिनट चल पाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इस दौरान टैक्स संशोधन से जुड़े बिल पेश किए। इसके बाद सदन बुधवार तक के लिए स्थगित हो गई। राज्यसभा की कार्यवाही दिन में दो बार स्थगित हुई। 11 बजे कार्यवाही शुरू होने के आधे घंटे के भीतर स्थगित भी हो गई। दोपहर 12 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन 20 मिनट ही चल पाई। दोपहर 2 बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई।

इससे पहले राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बीच बहस हुई। खड़गे ने कहा- राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था। ट्रस्ट को 70 एकड़ से ज्यादा जमीन सौंपी। पीएम खुद राम मंदिर से जुड़े हर आयोजन में शामिल हुए। अब ED, CBI और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियां कहां हैं। सरकार को सदन में इसका जवाब देना चाहिए।

इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम मंदिर बनने पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया था। आज वही लोग घड़ियाली आंसू बहाकर देश को गुमराह नहीं कर सकते। पहले भगवान राम का अपमान करने के लिए देश से माफी मांगिए, उसके बाद सरकार से जवाब मांगिए।

## वित्त मंत्री सीतारमन ने शोर-शराबे के बीच बिल पेश किया

दोपहर 2 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद खड़े होकर नारे लगाने शुरू कर दिए। पीठासीन दिलीप सैकिया ने इन सांसदों को नारे न लगाने और बैठ जाने के लिए कहा लेकिन वे नहीं माने। शोर शराबे के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने टैक्सेशन एंड अदर्स लॉ (संशोधन) बिल पेश किया।



## राज्यसभा व लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित

लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण महज 3 मिनट चल सकी। इसके बाद स्पीकर ओम बिड़ला ने सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। वही राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे फिर शुरू हुई। इस दौरान कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर नारे लगाए। करीब 20 मिनट बाद सदन 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

## पीएम मोदी समेत शीर्ष भाजपा नेताओं ने बनाई संसद की रणनीति

संसद की कार्यवाही से पहले एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन समेत एनडीए के अन्य सांसद शामिल हुए। बैठक में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के हालिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और उनके रणनीतिक महत्व पर प्रजेंटेशन दिया। वहीं मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह ने मत्स्य क्षेत्र में सरकार की योजनाओं और भविष्य के रोडमैप पर जानकारी दी। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने भी सांसदों को संबोधित किया।

## खड़गे चिल्लाए, हंगामे पर खड़े हो गए सभापति: रिजिजू बोले- विपक्ष माफी मांगे; 2 साल में नहीं बनवाया बर्थ सर्टिफिकेट तो मजिस्ट्रेट जांच होगी

राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी का मामला मंगलवार को संसद में जोरदार तरीके से गूंजा। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और केंद्र सरकार को निशाने पर लिया तो संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर पलटवार किया। दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस के दौरान सत्ता और विपक्ष के सदस्य आमने-सामने आ गए। हंगामा इतना बढ़ा कि सभापति सीपी राधाकृष्णन को अपने आसन से उठकर सदस्यों को शांत कराने की कोशिश करनी पड़ी। इसके बावजूद शोर नहीं थमा और कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले, खड़गे ने कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था। ट्रस्ट को 70 एकड़ से ज्यादा जमीन सौंपी गई। ऐसे में चढ़ावे की कथित चोरी के मामले में ईडी, सीबीआई और दूसरी केंद्रीय जांच एजेंसियां कहां हैं, सरकार को सदन में इसका जवाब देना चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राम मंदिर बनने पर काली पट्टी बांधकर विरोध किया था। जो लोग भगवान राम के अस्तित्व को नहीं मानते थे, वे आज घड़ियाली आंसू बहाकर देश को गुमराह नहीं कर सकते। पहले भगवान राम का अपमान करने के लिए देश से माफी मांगिए, उसके बाद सरकार से जवाब मांगिए। इसके बाद सदन में हंगामा और तेज हो गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन अपने आसन से उठकर सदस्यों को शांत कराने पहुंचे, लेकिन व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी। इसके चलते राज्यसभा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईरान में विदेश मंत्री अराघची को हटाने की तैयारी: दावा- राष्ट्रपति पजशकियान की ताकत घटी

नई दिल्ली। ईरान के कुछ सांसद विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की तैयारी कर रहे हैं। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक सीनियर सांसद होसैनअली हाजीदेलिगानी ने मंगलवार को कहा, हम अराघची के खिलाफ महाभियोग लाने के लिए सबूत और जरूरी दस्तावेज जुटा रहे हैं। सही समय आने पर यह प्रक्रिया शुरू करेंगे।




सुप्रीम लीडर की इस्लामिक फोर्स ज्यादा पावरफुल

दूसरी ओर, इजराइली चैनल-14 की रिपोर्ट के मुताबिक सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े अहम मामलों में राष्ट्रपति मसूद पजशकियान की भूमिका सीमित कर दी है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका से बातचीत जैसे बड़े मुद्दों पर इस्लामिक फोर्स यानी IRGC के कमांडर अहमद वाहिदी का फैसला अंतिम माना जाएगा।

अमेरिका-ईरान वार्ता की तारीख और जगह अब तक तय नहीं: अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित बातचीत को लेकर अभी तक तारीख और स्थान तय नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान और कतर संभावित मेजबान देशों के तौर पर चर्चा में हैं और दोनों देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं।

ईरान की नई रणनीति- जंग नहीं, अमेरिका पर दबाव बढ़ाना: रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान अब सीधी सैन्य जीत के बजाय समुद्री व्यापार, तेल आपूर्ति और अहम शिपिंग रूट्स पर दबाव बनाकर अमेरिका और उसके सहयोगियों की लागत बढ़ाने की रणनीति अपना रहा है।

# राहुल गांधी बोले- आरएसएस इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा: इनके पीछे एक खतरनाक विचारधारा है, देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि आरएसएस देश का इतिहास बदलने की कोशिश कर रहा है। इसके पीछे एक खतरनाक विचार है। भारत अपने इतिहास के कुचले जाने को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा- देश के छात्र दर्द में हैं। उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी की माफी की जरूरत नहीं है, बल्कि वे चाहते हैं कि पीएम अपनी सरकार के कामों के लिए माफी मांगें। राहुल गांधी मंगलवार को पूर्व कांग्रेस सांसद वाइको की किताब वाइको इन पार्लियामेंट के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे।



## छात्रों के पास काम नहीं, परीक्षा में निष्पक्षता चाहते हैं

राहुल ने कहा, हम अजीब दौर से गुजर रहे हैं, जहां छात्र सड़कों पर हैं, उनके पास काम नहीं है और वे परीक्षाओं में निष्पक्षता तथा एक बेहतर शिक्षा प्रणाली की मांग कर रहे हैं। दूसरी तरफ पीएम उन्हें माफ कर रहे हैं। नहीं पता कि पीएम को यह विचार कहां से आता है कि वे उन्हें या भारत के भविष्य को माफ कर सकते हैं।

## हर राज्य के साथ निष्पक्ष व्यवहार हो- राहुल

कुछ ऐसे नासमझ लोग हैं जो तमिल, मराठी और बंगाली लोगों को नहीं समझते और कहते हैं कि इनमें से कोई भी इतिहास या कल्पना काम की नहीं है। संविधान में स्पष्ट लिखा है कि इंडिया, यानी भारत, राज्यों का एक संघ है और राज्य भारत के लोगों की अभिव्यक्ति हैं।

## सैनिक स्कूलों में आरएसएस की दखल बढ़ रही

राहुल गांधी ने मंगलवार को ही रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति की बैठक में मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिल्ली एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा: फुकेट से आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में हुआ तेज टर्बुलेंस, कई यात्री घायल

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया है कि 4 अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रही उड़ान संख्या AI2379 क्रूज के दौरान अचानक हवा में टर्बुलेंस यानी भारी हलचल का शिकार हो गई। इस तकनीकी और प्राकृतिक घटना के कारण विमान की ऊंचाई में थोड़े समय के लिए बदलाव दर्ज किया गया।



एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद विमान ने दिल्ली में पूरी तरह से सुरक्षित लैंडिंग की है और सभी यात्री व क्रू मेंबर विमान से सुरक्षित उतर चुके हैं। एयर इंडिया ने स्पष्ट किया है कि इस घटना में फिलहाल किसी के भी गंभीर रूप से घायल होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि, कुछ यात्रियों और क्रू मेंबर्स को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें मेडिकल जांच की आवश्यकता थी। एयर इंडिया की एयरपोर्ट टीम और मेडिकल कर्मियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन सभी को एहतियातन परीक्षा और देखभाल के लिए हवाई अड्डे पर ही स्थित मेडिकल फैसिलिटी में भेज दिया है। एयरलाइन प्रबंधन का कहना है कि यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा और भलाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयर इंडिया प्रभावित होने वाले सभी लोगों को हरसंभव और आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही, इस पूरी घटना की सच्चाई सामने लाने और नियमों के पालन के लिए एयरलाइन संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी तरह से जांच में सहयोग कर रही है।

# उदयनिधि स्टालिन को मद्रास हाईकोर्ट से राहत: पूछताछ के बाद रिहा करने का निर्देश

नई दिल्ली। तमिलनाडु में चल रही सियासी उठापटक के बीच विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन को मद्रास हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने तमिलनाडु पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पूछताछ की प्रक्रिया पूरी करने के बाद उदयनिधि स्टालिन को रिहा कर दिया जाए। हाईकोर्ट ने उन्हें स्टेशन बेल दिए जाने का भी निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि जरूरत पड़ने पर उदयनिधि स्टालिन जांच में पूरा सहयोग करेंगे।



सुनवाई के दौरान तमिलनाडु के एडवोकेट जनरल विजय नारायण ने मद्रास हाईकोर्ट को पहले ही यह जानकारी दे दी थी कि डीएमके विधायक उदयनिधि स्टालिन को गिरफ्तार तो किया गया है, लेकिन पुलिस का उन्हें रिमांड पर लेने का कोई इरादा नहीं है। एडवोकेट जनरल ने अदालत को आश्वस्त किया था कि पूछताछ की औपचारिकता पूरी होने के बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया जाएगा।

## कावेरी जल विवाद रैली में दिया था विवादित बयान

यह पूरा मामला तीन अगस्त का है, जब कावेरी जल विवाद को लेकर द्रमुक यानी डीएमके के किसानों द्वारा एक विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। इसी रैली के दौरान उदयनिधि स्टालिन ने भाषण दिया था। आरोप है कि भाषण के वक्त भीड़ के एक वर्ग ने अभिनेत्री तृषा कृष्णन का नाम लिया था, जिसके जवाब में उन्होंने अभिनेत्री के संदर्भ में आपत्तिजनक और द्विअर्थी टिप्पणी कर दी थी।

## मुख्यमंत्री विजय थलपति के खिलाफ की थी कथित टिप्पणी

तमिलनाडु के पूर्व डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन को मुख्यमंत्री विजय थलपति के खिलाफ कथित टिप्पणी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। डीएमके नेता पर आरोप है कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# केजरीवाल ने पीएम आवास तक मार्च निकाला, पुलिस ने रोका: फिरोजशाह रोड पर धरने पर बैठे, बोले- ई-20 के खिलाफ 2 लाख से ज्यादा चिट्ठियां भिजवाई




नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को ई-20 फ्यूल के खिलाफ प्रधानमंत्री आवास तक मार्च निकला। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, जैस्मिन शाह समेत पार्टी के अन्य नेताओं को फिरोजशाह रोड पर ही रोक दिया।

इसके बाद केजरीवाल सहित अन्य आप नेता फिरोजशाह रोड पर ही बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। आप ने करीब 100 नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ यह मार्च निकाला था। पार्टी का दावा है कि उसने देशभर से 2.30 लाख से ज्यादा लोगों की याचिकाएं जुटाई हैं। मार्च के दौरान केजरीवाल ने कहा कि ई-20 के खिलाफ 2 लाख से ज्यादा लोगों ने प्रधानमंत्री को चिट्ठियां लिखी हैं, जिन्हें वे खुद प्रधानमंत्री को सौंपना चाहते थे लेकिन हमें पुलिस ने रोक दिया। हमने सभी चिट्ठियां पुलिस के हाथों मोदी जी को भेज दी हैं। केजरीवाल ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री को मैसेज भेजा था। उन्होंने कहा- हमें उम्मीद है कि पीएम हमसे मिलेंगे।

# टीएमसी सांसदों को धमका रही पुलिस, बीजेपी में शामिल होने या जेल जाने का दबाव: ममता बनर्जी का बड़ा बयान

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर टीएमसी के सांसदों व विधायकों को धमकाने का आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस जनप्रतिनिधियों पर बीजेपी में शामिल होने या जेल जाने का दबाव बना रही है। वहीं, टीएमसी नेता कुणाल घोष ने बांकीपुर और दतिया उपचुनावों में भाजपा की हार को लेकर तीखा हमला बोला।



## बड़ा आरोप- हमारे सांसदों और विधायकों को धमका रही पुलिस

टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बीजेपी राजनीतिक दबाव बनाकर उनके नेताओं को पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर कर रही है।

उन्होंने कहा, हमारे सांसदों और विधायकों को धमकाया जा रहा है। पुलिस उनसे कह रही है कि या तो वे बीजेपी में शामिल हो जाएं या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहें।

## बागी सांसद जन्मजात गद्दार नहीं हैं

टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी छोड़ने वाले कई सांसद अब भी ममता बनर्जी के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, बागी तृणमूल कांग्रेस के कई सांसद और विधायक हमारे संपर्क में हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन के कारण स्थिति जटिल बनी हुई है। जो लोग वहां गए हैं, उनमें से अधिकांश जन्मजात गद्दार नहीं हैं। वे लगातार ममता बनर्जी के संपर्क में हैं। कुछ नेता दीदी से मुलाकात भी कर चुके हैं। उनकी सुरक्षा को देखते हुए हमारी टीम फिलहाल इस मुद्दे पर ज्यादा कुछ नहीं कह रही है।

## बांकीपुर तो सिर्फ झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है

कुणाल घोष ने बांकीपुर और दतिया उपचुनावों के नतीजों का जिक्र करते हुए कहा कि यह भाजपा के खिलाफ बढ़ते जनमत का संकेत है। उन्होंने कहा, बांकीपुर तो सिर्फ झांकी है, पूरा देश अभी बाकी है। अब देश में बीजेपी के खिलाफ मतदान का माहौल बन चुका है। किसान, मजदूर, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# डाबर के 100 प्रतिशत शुद्ध दावे वाले प्रोडक्ट पर रोक: FSSAI ने शहद-घी समेत कई सामान बेचना बैन किया; 15 दिन में रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली। डॉबर के कई प्रोडक्ट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इनमें शहद और गाय का घी भी शामिल है। ये प्रोडक्ट 100 प्रतिशत शुद्धता के दावे के साथ बेचे जा रहे थे। यह रोक खाने-पीने के सामानों के मानक तय करने वाली सरकारी संस्था एफएसएसएआई ने लगाई है।

फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) ने इन दावों को गुमराह करने वाला बताया है। इस पर डाबर से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। सोमवार 3 अगस्त को एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी है।

## एफएसएसएआई की जांच में क्या पता चला

एफएसएसएआई के अनुसार, कंपनी की वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों पर भ्रामक दावे पाए गए थे। इनमें 100 प्रतिशत नेचुरल, 100 प्रतिशत प्योर, 100 प्रतिशत




प्योरिटी गारंटेड, 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक और 100 प्रतिशत टेंडर कोकोनट वॉटर जैसे लेबल शामिल थे। एफएसएसएआई का कहना है कि 100 प्रतिशत दावों का यह उपयोग FSS विनियम, 2018 का उल्लंघन करता है। ये दावे अस्पष्ट, असत्यापित और उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं।

## नियमों के अन्य बड़े उल्लंघन

जैविक भारत लोगो: डाबर हिमालयन ऑर्गेनिक एप्पल साइडर विनेगर और डाबर ऑर्गेनिक हनी पर बिना किसी वैध एफएसएसएआई ऑर्गेनिक एंडोर्समेंट के जैविक भारत लोगो पाया गया। कंपाउंड फूड्स पर गलत दावा: डाबर होममेड कोकोनट मिल्क को 100 प्रतिशत Purit4 के दावे के साथ बेचा जा रहा था। FSS नियम, 2018 के तहत कंपाउंड फूड्स (मिश्रित खाद्य पदार्थों) के लिए ऐसा दावा करने की अनुमति बिल्कुल नहीं है।

## पहले भी दिया गया था नोटिस

एफएसएसएआई ने बताया कि उसने पहले भी डाबर को नोटिस जारी कर ऐसे भ्रामक '100 प्रतिशत' दावों को तुरंत बंद करने का निर्देश दिया था। हालांकि, कंपनी ने कोई कदम नहीं उठाया। इसके बाद एफएसएसएआई को यह कड़ा प्रोहिबिशन (बैन) ऑर्डर जारी करना पड़ा। अब डाबर को 15 दिनों के अंदर यह बताना होगा कि उन्होंने एफएसएसएआई के आदेश के बाद क्या कदम उठाए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बांकीपुर और दतिया में बीजेपी की हार पर बोले नितिन नवीन- जनादेश स्वीकार, समीक्षा करेगी पार्टी

नई दिल्ली। देश के तीन राज्यों (बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात) की तीन विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित हो गए हैं। इन उपचुनावों में बीजेपी को बिहार की हाई-प्रोफाइल बांकीपुर और मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि, गुजरात के वडोदरा जिले की मांजलपुर सीट पर बीजेपी ने अपना दबदबा कायम रखा है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद विधायक पद से नितिन नवीन द्वारा इस्तीफा दिए जाने के कारण बांकीपुर सीट खाली हुई थी, जहां अब प्रशांत किशोर ने जीत दर्ज की है। उपचुनाव के नतीजे आने के बाद बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि पार्टी तीन विधानसभा उपचुनावों में मिले जनादेश को खुशी के साथ स्वीकार करती है। नितिन नवीन ने स्पष्ट किया कि बांकीपुर और दतिया दोनों चुनावी क्षेत्रों के नतीजों की पूरी गंभीरता के साथ समीक्षा और मंथन किया जाएगा।



# बिहार-बंगाल में बिजली गिरने से 11 मौतें: बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, 200 यात्री फंसे

नई दिल्ली। देशभर में बारिश से आम लोगों का जीवन भी प्रभावित है। बिहार और पश्चिम बंगाल में सोमवार को बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हो गई। 14 लोग घायल हुए हैं। मरने वालों में बिहार के अलग-अलग जिलों के 7 और बंगाल के हावड़ा के 4 लोग शामिल हैं।



हरियाणा के अंबाला-झज्जर में सड़कें तालाब बनीं, दुकानों में पानी घुसा

उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई। सड़क पर पहाड़ी से मलबा और बोल्डर गिरने से यातायात बाधित हो गया। इसके कारण करीब 200 यात्री फंस गए हैं, जो सोमवार रात 9 बजे से रास्ता खुलने का इंतजार कर रहे हैं। इधर, हरियाणा के अंबाला और झज्जर में रात भर बारिश हुई। इससे सड़कें तालाब बन गईं। दुकानों में पानी घुस गया। केरल में 1 अगस्त से हो रही भारी बारिश के कारण 25 लोगों की मौत हो गई है, 4 लापता हैं। 18 हजार से ज्यादा लोगों को राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ी है। उत्तर प्रदेश के आगरा में रात 1 बजे से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। कई इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया है। स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। बाराबंकी में दो घंटे की तेज बारिश से बस स्टेशन पर पानी भर गया।

## पहला कॉलम...

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पर निगम की कार्रवाई : 3 हजार जुर्माना लगा, एक किलो पॉलीथिन जब्त

### गुड़ाखू लाईन और फल मार्केट के 9 दुकानों पर नगर निगम स्वास्थ्य अमले ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव (दावा)।** प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों को रोकने और पर्यावरण संरक्षण के लिए शासन की मंशा के अनुरूप सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम की टीम ने गुड़ाखू लाइन एवं फल मार्केट में अभियान चलाकर प्रतिबंधित पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले 9 दुकानों पर कार्रवाई की। इस दौरान व्यापारियों पर लगभग 3 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया और 1 किलो पॉलीथिन जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान गुड़ाखू लाईन और फल मार्केट क्षेत्र में 1 अनाज दुकान, 3 चना दुकानों और 5 फल दुकानों पर 500, 300 एवं 200 रुपये का जुर्माना लगाते हुए कुल 1 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई आगे भी प्रतिदिन जारी रहेगी। नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने कहा कि प्लास्टिक मानव जीवन, पर्यावरण और जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य पर सीधा बुरा प्रभाव डाल रहा है। निगम का स्वास्थ्य अमला शहर में लगातार दुकानदारों को समझाइश दे रहा है और समझाइश के बाद भी नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आयुक्त ने सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग व विक्रय न करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे जब भी घर से बाहर निकलें, कपड़े का थैला साथ रखें, ताकि प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से पर्यावरण को बचाया जा सके।

## ज्ञानेश्वरी यादव ने बढ़ाया प्रदेश का मान : भजयुमो अध्यक्ष चिंटू सोनकर




**राजनांदगांव (दावा)।** भाजयुमो के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर ने राष्ट्रमंडल खेल-2026 में महिलाओं की 53 किलोग्राम भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने वाली राजनांदगांव की बेटी ज्ञानेश्वरी यादव को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश्वरी ने अपने पहले ही राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, कठोर परिश्रम और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। श्री चिंटू सोनकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा ज्ञानेश्वरी यादव को 30 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि एवं आउट ऑफ टर्न डीएसपी पदोन्नति की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के खिलाड़ियों का उत्साह और बढ़ेगा। ज्ञानेश्वरी यादव के प्रथम राजनांदगांव आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर के नेतृत्व में युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गायत्री मंदिर, दिल्ली दरवाजा से भव्य बाइक रैली निकालकर उनका स्वागत किया। शहर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर उनका पुष्पवर्षा एवं जयघोष के साथ अभिनंदन किया गया। श्री चिंटू सोनकर ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार खिलाड़ियों और मातृशक्ति को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्हें विश्वास है कि ज्ञानेश्वरी यादव भविष्य में भी देश और छत्तीसगढ़ का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित करती रहेंगी।

## श्रीमती देवला बाई साहू



**राजनांदगांव (दावा)।** ग्राम मोखला निवासी श्रीमती देवला बाई साहू (98 वर्ष) का आज उनके निज निवास मोखला में निधन हो गया। दिवंगत श्रीमती साहू बिसौहा राम साहू (सेवानिवृत्त एएसआई), पीलू राम साहू, कीर्तन साहू, देवघर साहू एवं रघुनंदन साहू की माता जी थीं। वे अपने पीछे नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में आज उनके गृहग्राम मोखला में संपन्न किया गया।







# प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे आवासों से वसूली की तैयारी : 145 हितग्राहियों को नोटिस

### किस्त लेकर 4 वर्षों से मकान न बनाने वालों पर कड़ा एक्शन, तहसील कार्यालय में एसडीएम ने ली विशेष पेशी



*पेशी के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि कई लोगों ने योजना की पहली किस्त का उपयोग घर बनाने के बजाय अन्य व्यक्तिगत कार्यों में कर लिया। एसडीएम श्री पाटिल ने इसे गंभीर लापरवाही और शासकीय धन का गबन मानते हुए निर्देश दिए कि 20 अगस्त तक यदि आवास निर्माण का स्तर आगे नहीं बढ़ता है तो सभी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने बताया कि योजना का उद्देश्य गरीब व जरूरतमंद परिवारों को पक्का मकान देना है। बार-बार समझाइश देने के बाद भी गंभीर न होने पर यह प्रशासनिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शासकीय राशि लोक कल्याण के लिए है, न कि व्यक्तिगत उपभोग के लिए। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय से जारी नोटिस लापरवाही बरतने वाले हितग्राहियों के लिए अंतिम अवसर है।*

**20 अगस्त तक का दिया गया अंतिम अवसर**

**राजनांदगांव (दावा)।** प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 (बीएलसी घटक) के तहत राशि प्राप्त करने के बाद भी मकान निर्माण पूरा न करने वाले हितग्राहियों पर नगर निगम एवं जिला प्रशासन ने कड़ा शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। राजनांदगांव नगर निगम क्षेत्र में स्वीकृत 7,956 आवासों में से 7,804 पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 152 निर्माणाधीन हैं। इनमें से 145 हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने पिछले 2 से 4 वर्षों में पहली किस्त लेने के बावजूद निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ाया है।

### निगम कोष में जमा करें राशि या निर्माण कराएं पूरा

कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम द्वारा विभागीय प्रक्रिया कर 145 हितग्राहियों को तहसील कार्यालय में उपस्थित होने हेतु नोटिस जारी किया गया है। इसी तारतम्य में 3 अगस्त 2026 को आयोजित प्रथम पेशी में 15 हितग्राही एसडीएम कार्यालय पहुंचे। एसडीएम गौतमचंद पाटिल ने शासकीय धन का दुरुपयोग करने वाले हितग्राहियों की सख्त क्लास लेते हुए दो टूक चेतावनी दी कि वे तत्काल आवास निर्माण कार्य में गति लाएं या फिर ली गई राशि निगम कोष में जमा करें। यदि शासकीय राशि किसी अन्य निजी कार्य में खर्च की गई है तो प्रशासन सख्ती से वसूली करेगा और आवश्यकता पड़ने पर संबंधित की संपत्ति नीलाम की जाएगी।

## रेलवे लाइन का विस्तार और यूरिया फैक्ट्री लगाने की पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को बधाई



**राजनांदगांव (दावा)।** डोंगरगढ़ से कटघोरा तक नई रेल लाइन बिछाने के कार्य की पुनः स्वीकृति को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयानों को अशोक चौधरी ने 'ओछी राजनीति' करार देते हुए इसकी घोर निंदा की है। अशोक चौधरी ने कहा कि इस रेलवे लाइन की स्वीकृति के लिए सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ शासन की ओर से रेल मंत्रालय को 2000 करोड़ रुपये देने का प्रस्ताव पास किया था; उस समय अभिषेक सिंह सांसद थे। बाद में प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर इस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। अब वर्तमान सांसद संतोष पांडे के निरंतर प्रयासों से रेल मंत्रालय से पुनः स्वीकृति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और सांसद संतोष पांडे की बैठक में रेल मंत्री ने बढ़ी हुई लागत राशि के साथ इस परियोजना को मंजूरी दी है। इसलिए यह पूरा कार्य भाजपा नेताओं की देन है और कांग्रेस को इस पर बयानबाजी से परहेज करना चाहिए। चौधरी ने आगे कहा कि राजनांदगांव के लिए एक और सुखद समाचार यह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री से जिले में 10,500 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय स्तर की यूरिया फैक्ट्री स्थापित करने का निवेदन किया है। जो राजनांदगांव के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि विकास की यह सोच भाजपा के शासनकाल की देन है। जिससे भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने पूर्व व वर्तमान सांसदों तथा मुख्यमंत्रियों को रेलवे लाइन विस्तार और यूरिया फैक्ट्री की पहल के लिए हार्दिक बधाई दी।

## चाकू की नोक पर लूट करने वाले 4 शातिर आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**राजनांदगांव (दावा)।** लालबाग पुलिस ने थाना क्षेत्र में चाकू की नोक पर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले 4 आरोपियों को त्वरित कार्रवाई करते हुए धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, एक्टिवा वाहन तथा पीड़ितों से लूटी गई नकदी, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य दस्तावेज जब्त किए हैं। आरोपियों के विरुद्ध धारा 311 बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने बताया कि चारों आरोपी आदतन अपराधी हैं। जिनके खिलाफ पूर्व में भी हत्या, लूट, आर्म्स एक्ट व मारपीट के गंभीर मामले दर्ज रहे हैं।

### पर्स और 800 रुपये लूटने का पहला मामला

थाना प्रभारी के अनुसार गत 5 मई को प्रार्थी महेश साहू (निवासी ग्राम परसाटोला) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 9 बजे पुरानी शराब भट्ठी के पास आरोपियों ने उनका पर्स छीन लिया, जिसमें 800 रुपये नकद और वाहन की आरसी बुक थी। पुलिस ने अपराध क्रमांक 231/2026 धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी।

दूसरी घटना 3 अगस्त की है, जब प्रार्थी राजेंद्र कुमार साहू (51 वर्ष, निवासी गांधी चौक), जो ऑटो (सीजी-08-4330) से स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने का काम करते हैं। दोपहर लगभग 2:10 बजे पेण्ड्री स्थित मंदिर के पास रुके थे। उसी दौरान लाल रंग की एक्टिवा में सवार चार युवकों ने उन्हें घेर लिया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए 500 रुपये नकद, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस लूटकर फरार हो गए। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही दिगंबर साहू, अजय ठाकुर, सुजल साहू एवं घनश्याम खरे उर्फ धनशु को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने दोनों लूट की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू, एक्टिवा वाहन (सीजी-08/एएच 8443), लूटी गई नकदी, मोबाइल व दस्तावेज बरामद किए गए हैं। घातक हथियार (चाकू) का इस्तेमाल करने के कारण मामले में आर्म्स एक्ट की धाराएं जोड़कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# इंस्पायर अवॉर्ड : पनेका हाईस्कूल के 3 मॉडल राज्य स्तर के लिए चयनित

### शाहीन खान के मार्गदर्शन में छात्राओं ने बनाई सामाजिक व उपयोगी नवाचारी परियोजनाएं



**राजनांदगांव (दावा)।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवॉर्ड योजना के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल पनेका के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के तीन मॉडल राज्य स्तर के लिए चयनित हुए हैं। एक ही विद्यालय से तीन मॉडलों का राज्य स्तर पर चयन होना विद्यालय, क्षेत्र एवं राजनांदगांव जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। यह सफलता विज्ञान विषय की व्याख्याता शाहीन खान के कुशल मार्गदर्शन में प्राप्त हुई है। कक्षा 10वीं की छात्रा लीनिमा, डोमेश्वरी और आयुषी देवांगन ने दैनिक जीवन और सामाजिक समस्याओं के समाधान पर आधारित मॉडल तैयार किए हैं। बहुउद्देशीय स्मार्ट छड़ी में लीनिमा ने वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित सहारा देने के साथ इसमें जीपीएस लोकेशन, एलईडी लाइट, दवा-भोजन अलार्म और आवश्यकता पड़ने पर कुर्सी में बदलने की आधुनिक सुविधा मौजूद है। वैज्ञानिक स्मार्ट झाड़ू में डोमेश्वरी) ने अंधेरे में रोशनी की व्यवस्था के साथ-साथ सूक्ष्म कीटों के नियंत्रण के लिए कम तीव्रता की विद्युत धारा और बड़े कीटों को भगाने के लिए अल्ट्रासोनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। होल एवं कटर मशीन में आयुषी देवांगन ने कृषि व बागवानी कार्यों को आसान बनाने वाली यह मशीन गड्ढा खोदने के साथ-साथ अनावश्यक खरपतवार की कटाई करने में सक्षम है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी व्याख्याता शाहीन खान के मार्गदर्शन में विद्यालय की छात्रा तान्या साहू का 'सौर ऊर्जा आधारित स्मार्ट छतरी' मॉडल राज्य स्तर पर चयनित हो चुका है। लगातार मिल रही सफलताओं से शासकीय हाईस्कूल पनेका में वैज्ञानिक नवाचार की सशक्त संस्कृति स्थापित हो रही है। छात्राओं की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्राचार्या ए. देवांगन एवं समस्त विद्यालयीन स्टाफ ने व्याख्याता शाहीन खान व प्रतिभागी छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदिका **गायत्री वर्मा** पति **रामायण वर्मा** निवासी ग्राम **नगर पंचायत-घुमका**, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूँ। यह कि मेरे परिवार के सदस्यों के नाम से कृषि भूमि बी-1 परचा है, उसमें मेरा नाम गलती से **वीणा वर्मा** अंकित है, जिसे आधार कार्ड के अनुसार सुधाकर करके **गायत्री वर्मा** कर ली हूँ।

अतः परचा में **वीणा वर्मा** दर्ज है उसे बदलकर नया नाम **गायत्री वर्मा** कर ली हूँ। अतः समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेज में मुझे **गायत्री वर्मा** के नाम से जाना एवं पहचाना जाए एवं संबोधित किया जावे।

**शपथकर्ता**
**गायत्री वर्मा**
**पति-रामायण वर्मा**
**निवासी-नगर पंचायत घुमका**
**जिला-राजनांदगांव**

# गुरुद्वारा बंदीछोड़ तुमड़ीबोड़ में हुआ वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**राजनांदगांव (दावा)।** पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से गुरु दी संगत वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में गुरुद्वारा बंदीछोड़, तुमड़ीबोड़ परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि नीलू शर्मा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट के दौर में वृक्षारोपण ही प्रकृति के संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, गुरु दी संगत वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों तथा क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी नरिंदर सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से इस प्रकार के जनजागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को हरित अभियान से जोड़ा जा सके।

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607095200022**
**विषय:- ब-121 मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**सन:- 2025-2026**
**करवारी प.ह.नं. 00022 [274/8(2.0230 हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार रेखा प्रमोद पुर्ति,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा प्रमोद पुर्ति पति श्री स्व. प्रमोद कुमार पूर्ति जाति ईसाई सा. अछोली तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि कृषक ग्राम करवारी प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. बेलगांव तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 358 में ख.नं. 274/8 रकबा 2.0230 हे. कुल ख.नं. 1 कुल रकबा 2.0230 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में रेखा प्रमोद पुर्ति पति श्री स्व. प्रमोद कुमार पूर्ति जाति ईसाई सा. अछोली,तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव के शामिलात खाते पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गई है। अतः उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय पुलिस रिपोर्ट की छाया प्रति, बी-1, शपथ पत्र, चालान, आदेय प्रमाण पत्र आदि के साथ पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन पेशी दिनांक **13.08.2026** उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **29/07/2026** को जारी किया जाता है।

**झरना राजपूत**
**नायब तहसीलदार, डोंगरगढ़**

### शुभांक

| | |
|---|---|
| **बी. के.** | |
| 2-4-8 | |
| 114-6 | 780-5 |
| **राजधानी** | |
| 1-3-9 | |
| 170-8 | 159-5 |

अनुमानित

चेतावनी:- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## सीधी भर्ती विज्ञापन में संशोधन

**राजनांदगांव (दावा)।** कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव द्वारा विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु 22 जुलाई को विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें संशोधन किया गया है। संशोधन विज्ञापन अनुसार लिखित परीक्षा के पश्चात स्टेनोग्राफर हिन्दी के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता स्नातक की परीक्षा में प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर रिक्त पद के 40 गुणा अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इसी तरह लिखित परीक्षा के पश्चात सहायक ग्रेड-3 के पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता स्नातक की परीक्षा में प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर रिक्त पद के 40 गुणा अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जाएगा।

## युवक ने लगाई फांसी, कारण अज्ञात



**डोंगरगांव (दावा)।** ग्राम मोहड़ निवासी मृतक निवेन्द्र देवांगन पिता खोमराज देवांगन 23 वर्ष ने 4 अगस्त मंगलवार दोपहर 3 बजे अपने घर के ऊपर टीन शेड में नायलॉन रस्सी के सहारे आत्महत्या कर ली। युवक ने आत्महत्या क्यों किया है। अभी इस बात का खुलासा नहीं हो पाया है। इस मामले में डोंगरगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है और पोस्टमार्टम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)**
phone-07744-299703 email-eerjn-phe cg@nic.in

**// निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा, निविदा सूचना/सिस्टम क्रमांक 04/195191, 05/195192, 06/195193 दिनांक 10.07.2026 (जी क्रमांक-262702070) शून्य निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।

जी- 262702537/2
**कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग, कार्यालय**
**कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव(छ.ग.)**
**ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र.196584/निविदा सूचना क्र. 07/व.ले.लि./2026-27 दि. 03.08.2026

**निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 24.08.2026, 17:30 बजे तक ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-**
**कार्य का नाम- राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड राजनांदगांव की धामनसरा मोहड़ एनीकट तटबंध संरक्षण कार्य।**
अनुमानित लागत- **रू. 42.27 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **10.08.2026** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी- 262702545/2
**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय**
**कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ई- प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र.196574/निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2026-27 राजनांदगांव, दि. 03.08.2026

**निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 24.08.2026, 17:30 बजे तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-**
**कार्य का नाम-राजनांदगांव जिले के विकासखण्ड डोंगरगांव की दाऊटोला एनीकट तटबंध संरक्षण कार्य।**
**अनुमानित लागत- रू. 41.44 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **10.08.2026** समय **17.31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी- 262702540/5
**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

# ‘एम ऊर्जा’ योजना से बिजली की खपत हुई कम, अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

## राजनांदगांव रीजन में स्मार्ट मीटरधारी 97 प्रतिशत उपभोक्ता आए 400 यूनिट तक की श्रेणी में

**जून की तुलना में जुलाई में कुल बिजली खपत में 24 प्रतिशत की दर्ज हुई कमी, चेक मीटर की जांच में गलत साबित हुई स्मार्ट मीटर के तेज चलने की अफवाह**



**राजनांदगांव (दावा)।** राजनांदगांव रीजन में जुलाई 2026 के दौरान स्मार्ट मीटरधारी घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली खपत में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। स्लैब-वार उपभोग आंकड़ों के अनुसार कुल 3,87,295 स्मार्ट मीटरधारी घरेलू उपभोक्ताओं में से 3,77,472 उपभोक्ता (लगभग 97 प्रतिशत) 400 यूनिट तक बिजली खपत की श्रेणी में आ गए हैं। इससे राज्य सरकार की ‘एम ऊर्जा’ (मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान) का लाभ अब अधिक उपभोक्ताओं को मिलेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा जून और जुलाई के आंकड़ों के तुलनात्मक अध्ययन के अनुसार जुलाई 2026 में कुल बिजली खपत 46.53 मिलियन यूनिट (एमयू) रही। जो जून 2026 में दर्ज 61.09 मिलियन यूनिट (एमयू) की तुलना में लगभग 24 प्रतिशत कम है।

### 400 यूनिट से अधिक खपत वाले उपभोक्ताओं में 61 प्रतिशत से अधिक की गिरावट

जारी आंकड़ों के अनुसार 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या जून में 3,50,500 से बढ़कर जुलाई में 3,77,472 हो गई है। इस प्रकार 26,972 अतिरिक्त उपभोक्ताओं को ‘एम ऊर्जा’ योजना के तहत छूट का लाभ मिला है। वहीं 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं की संख्या 25,761 से घटकर 9,823 रह गई है, जो 61.87 प्रतिशत की कमी दर्शाती है। सर्वाधिक गिरावट 600 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं के वर्ग में दर्ज की गई। जहां उपभोक्ताओं की संख्या में 65.90 प्रतिशत तथा बिजली खपत में 58.02 प्रतिशत की कमी आई है।

### खपत में कमी के दो मुख्य कारण व स्मार्ट मीटर पर स्पष्टीकरण

विभाग के अनुसार बिजली खपत में इस कमी के दो प्रमुख कारण हैं– मानसून सीजन के दौरान एसी और कूलर जैसे उपकरणों के उपयोग में मौसमी कमी। ‘एम ऊर्जा’ योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं द्वारा अपनी बिजली खपत को नियोजित रूप से सीमित रखना। पावर कंपनी ने स्मार्ट मीटर के तेज चलने की अफवाहों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि कुछ उपभोक्ताओं के परिसरों में जांच हेतु पुराने इलेक्ट्रॉनिक मीटर (चेक मीटर) लगाए गए थे। जिनमें खपत पूरी तरह समान पाई गई। कंपनी ने पुष्टि की है कि ये सभी आंकड़े वास्तविक और पूर्णतः सत्यापित मीटर रीडिंग पर आधारित हैं।

# 6 अगस्त को मोतीपुर से निकलेगी बाबा श्री महाकाल जी की भव्य सावन पालकी यात्रा

**सावन के महीने में बाबा महाकाल के दर्शन मात्र से मिलती है कष्टों से मुक्ति, होती है मनोकामना पूर्ण**



**राजनांदगांव (दावा)।** महाकाल सेना राजनांदगांव एवं नगर के शिवभक्तों द्वारा बाबा श्री महाकाल जी की सावन पालकी यात्रा आगामी 6 अगस्त (गुरुवार) को दोपहर 2 बजे से निकाली जाएगी। भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में यह भव्य, भक्तिपूर्ण और गरिमामय यात्रा मोतीपुर, बजरंगपुर नवागांव, ममतानगर, लेबर कॉलोनी एवं तुलसीपुर क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ भ्रमण करेगी। इस आयोजन में पवन डागा, महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा, नगर निगम अध्यक्ष पारस तोपेंद्र वर्मा, पार्षद सावन वर्मा, मनोहर यादव, कमलेश बंधे, राजेश (राजू) डागा, अशोक चौधरी, ऋषिदेव चौधरी, रणविजय प्रताप सिंह, राजेंद्र यादव, मदन मंटू यादव, नरेंद्र (मुन्ना) यादव, लाला यादव, रिभय यादव, राजेंद्र जैन बंटू, किसुन यदु, आलोक बिंदल, संतोष पिल्ले, शिव श्रीवास्तव, मनीष जैन, समीर श्रीवास्तव, विश्वेंद्र प्रताप सिंह, अवधेश झा एवं अन्य साथी मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

महाकाल सेना के रिभय यादव ने बताया कि बाबा महाकाल चंद्रमौलेश्वर की दिव्य सवारी दोपहर 2 बजे मोतीपुर वार्ड के गणेशपारा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, नवागांव शिव मंदिर, सुभाष क्लब, शीतलापारा होते हुए रेलवे अंडरब्रिज से ममतानगर, ठाकुर गुलाबसिंह मार्ग, लेबर कॉलोनी पहुंचेगी और तुलसीपुर संगम चौक में विसर्जित होगी। शोभायात्रा में विभिन्न श्रंगार एवं वेशभूषा में सजीव शिव परिवार तथा शिवगण दर्शकों के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। विभिन्न वार्डों व समाजों के श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह पालकी यात्रा का भव्य स्वागत, सत्कार और पूजा-अर्चना की जाएगी। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि सावन मास में राजाधिराज बाबा महाकाल स्वयं श्री चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हालचाल जानने और दर्शन देने निकलते हैं। इस दौरान सच्चे मन से दर्शन करने मात्र से भक्तों के रोग, दोष, भय और कष्टों का निवारण होता है तथा मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। आयोजकों ने संस्कारधानी के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## पहला कॉलम...

### ऊर्जा को प्रवाहित होने देना ही बेहतर है : मुनि सम्यकप्रभ जी

**शरीर स्वाभाविक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है**

**राजनांदगांव (दावा)।** जैन मुनि श्री सम्यकप्रभ सागर जी ने कहा कि तपस्या में अपार बल होता है। तप से ऊर्जा का संचार होता है और इस ऊर्जा को रोके बिना प्रवाहित होने देना ही बेहतर है। उन्होंने कहा कि शरीर स्वाभाविक रूप से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, इसलिए यदि कोई कार्य हो रहा है तो उसे होने देना चाहिए। स्थानीय जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में आयोजित अपने नियमित प्रवचन में मुनि श्री ने कहा कि श्रावक की भूमिका में हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जो वस्तु जिस द्रव्य के रूप में है, उसे वैसा ही रहने दें। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि मंदिर जाने पर कई भिखारी मिलते हैं, लेकिन क्या कभी किसी भिखारी को पूजा करते देखा है? श्रद्धा भीतर से उत्पन्न होती है और भीतर की कमी को उपवास के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उपवास से शरीर को आंतरिक रूप से विश्राम मिलता है। हमें जीवन में सार बातें ग्रहण करनी चाहिए और व्यर्थ की बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

मुनिश्री ने आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार का आहार ग्रहण किया जाता है, भीतर उसी प्रकार की विकृति उत्पन्न होती है। तप के माध्यम से इसमें सुधार आता है। आपका पुण्य जितना प्रबल होगा। उतना ही अधिक लाभ प्राप्त होगा। यदि तप से ऊर्जा उत्पन्न होती है तो उसे प्रवाहित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि तप से शरीर और आत्मा दोनों तपते हैं। तप की ऊष्मा तभी प्रवाहित हो सकती है जब साधक ध्यान करे। तप के साथ जप भी अनिवार्य है। तभी ऊर्जा का सही प्रवाह संभव है और जब ऊर्जा का प्रवाह होगा। तभी वास्तविक आनंद की अनुभूति होगी। यह जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

### जिपं सीईओ ने सौर उद्यमिता पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सूर्य सखियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया सम्मानित



**राजनांदगांव (दावा)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्गा प्रसाद अधिकारी द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सौर उद्यमिता पर सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी सूर्य सखी दीदियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी सूर्य सखी दीदीयों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक नागरिकों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग, बैंक एवं एनआरएलएम से अधिकारी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय लघु उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग तथा जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत चयनित 90 सूर्य सखियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर उद्यमिता पर 9 दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्टेट हाईस्कूल) राजनांदगांव में दिया गया। सखी संकुल संगठन सोमनी विक्रेता के रूप में पंजीकरण एलडब्ल्यू किया गया है। योजना के तहत सूर्य सखी दीदीयों द्वारा सोलर पैनल विक्रय और इंस्टालेशन का कार्य किया जाएगा।

# नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले पहुंचे जल संयंत्र, व्यवस्था देख भड़के



**राजनांदगांव (दावा)।** शहर में गंदे पानी की लगातार मिल रही शिकायतों के बीच नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले मंगलवार को अचानक शिवनाथ नदी तट स्थित मोहारा जल संयंत्र पहुंचे। जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने नगर निगम प्रशासन, महापौर और सत्ता पक्ष पर जमकर निशाना साधा। पिल्ले ने आरोप लगाया कि शहर की जनता पिछले कई दिनों से बिना क्लोरीन वाला शुद्ध पानी पीने को मजबूर है, जबकि जल संयंत्र में कई गंभीर तकनीकी और प्रशासनिक खामियां बनी हुई हैं। नेता प्रतिपक्ष को जल विभाग के पूर्व सभापति एवं पार्षद सतीश मसीह ने मोहारा जल संयंत्र की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया था। इसके बाद सीधे संयंत्र पहुंचे पिल्ले ने बताया कि पिछले 10 दिनों से क्लोरीन गैस की आपूर्ति ठप है और केवल ब्लीचिंग पाउडर से काम चलाया जा रहा है, जो पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा संयंत्र में केवल पांच दिनों का ही फिटकरी का स्टॉक बचा है। संतोष पिल्ले ने जल संयंत्र की स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि कुल 18 मोटर पंपों में से 9 पंप बंद पड़े हैं, जिससे पूरे शहर की जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दो नए पंप बिना विधिवत टेंडर प्रक्रिया के लगाए गए हैं। जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल टंकियों की सफाई की तिथि भी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं की जा रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक, सांसद और महापौर तीनों भाजपा के होने पर तंज कसते हुए पिल्ले ने कहा कि ‘ट्रिपल इंजन’ की सरकार में भी जनता को स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा नहीं मिल पा रही है। फिटकरी की आपूर्ति रायपुर, नागपुर और महाराष्ट्र से होती है। यदि समय पर आपूर्ति नहीं हुई तो शहर में पेयजल का बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि निगम प्रशासन तत्काल क्लोरीन गैस व फिटकरी की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करे और बंद पड़े पंपों को चालू कराए। यह मामला सीधे नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा है। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर उग्र आंदोलन करेगी।

### स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिल, खाद संकट और खाद की कीमतों में वृद्धि से खेती की लागत बढ़ी - लोधी

**डोंगरगढ़ (दावा)।** डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरतलाव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) विष्णु लोधी ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणजनों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं मांगों को विस्तार से सुना। विष्णु लोधी ने कहा कि जन संवाद के दौरान ग्रामीणों ने एक स्वर में बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद बिजली के बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। गरीब, किसान, मजदूर एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ा है, जिससे उनके घरेलू बजट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

# सीमेंट के खंभे से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

### घुमका थाना क्षेत्र के मौहंदी चौक के पास हुआ हादसा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**घुमका (दावा)।** घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक मोटरसाइकिल चलाने के दौरान हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मर्ग जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर घुमका पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

घुमका थाना प्रभारी विजय मिश्रा ने बताया कि संतोष शर्मा (59 वर्ष), निवासी पोलसाय पारा दुर्ग, 8 फरवरी को अपनी मोटरसाइकिल (सीजी-07/एलपी-2247) से जालबांधा से लिटिया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मौहंदी चौक के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे जालीदार तार के सीमेंट खंभे से जा टकराई। इस हादसे में उनके सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के तत्काल बाद डायल 112 की सहायता से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुमका ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृत्यु का कारण अत्यधिक रक्तस्राव, गंभीर चोटें, हड्डी टूटना और आंतरिक अंगों का क्षतिग्रस्त होना पाया गया। मर्ग जांच, साक्ष्यों और गवाहों के बयानों से यह स्पष्ट हुआ कि दुर्घटना किसी अन्य वाहन की टक्कर से नहीं, बल्कि स्वयं मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर खंभे से टकराने के कारण हुई थी। घुमका पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है।

# गौ-सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ वंश की सुरक्षा के लिए सौंपे गए तीन लाख हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन

**राजनांदगांव सहित देशभर में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम प्रेषित किया गया ज्ञापन**



**राजनांदगांव (दावा)।** राजनांदगांव में गौमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गौ-सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत आज जिला मुख्यालय सहित देशभर के सभी जिलों में जिलाधिकारी के माध्यम से भारत के महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपा गया। उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग छह माह से देशभर में संतों, गौसेवकों एवं गोभक्तों के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत गोहत्या-निषेध हेतु केंद्रीय कानून बनाने, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान देने, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा व पर्यावरण को गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने जैसी 30 से अधिक प्रमुख मांगें रखी गई हैं।

अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल को देश की 5,000 तहसीलों से 5 करोड़ से अधिक हस्ताक्षर सौंपे गए थे। मांगों पर त्वरित निर्णय न होने पर द्वितीय चरण में देशभर से 15 करोड़ से अधिक अनुस्मारक (रिमाइंडर) हस्ताक्षर प्रेषित किए गए। राजनांदगांव जिले में सामाजिक संगठनों की बैठकों, ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए जागरूकता अभियानों तथा स्कूलों में विद्यार्थियों की सहभागिता के माध्यम से 3 लाख से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर जुटाकर ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शुभ मुहूर्त में गोमाता के पूजन, शंखनाद एवं ‘श्रीराम जय राम जय जय राम‘ विजय मंत्र के सामूहिक जप के साथ हुआ। इसके बाद गोभक्त हाथों में झंडे, बैनर, तख्तियां व सिर पर हस्ताक्षरों की गठरियों को धारण कर भजन-कीर्तन के साथ अनुशासित प्रार्थना-यात्रा निकालते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। यात्रा में दूध पीती गोमाता एवं कलश यात्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। संतों, मातृशक्ति, विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधियों ने कहा कि गोमाता केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि भारतीय कृषि, पर्यावरण व ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हैं। उन्होंने सरकार से सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह करते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक अभियान मांगे पूरी होने तक चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा।

## जनदर्शन में पार्किंग एरिया में अवैध अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर की गई त्वरित कार्रवाई



**राजनांदगांव (दावा)।** कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देशन में जिले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में राजनांदगांव शहर के वार्ड नंबर 45 कौरिनभाठा, दीनदयाल कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड के निवासियों द्वारा जनदर्शन में पार्किंग एरिया से अवैध अतिक्रमण हटाने हेतु दिए गए आवेदन पर जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लिया है। प्राप्त आवेदन पर तत्काल कार्रवाई करते हुए नगर निगम व प्रशासनिक टीम द्वारा पार्किंग एरिया से अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया। समस्या का त्वरित निराकरण होने पर वार्डवासियों ने जिला प्रशासन की इस सक्रियता और मुस्तैदी के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# मोहल्लेवासियों से विवाद करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**राजनांदगांव (दावा)।** सोमनी पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम बघेरा में आए दिन जनप्रतिनिधियों एवं मोहल्लेवासियों से वाद-विवाद व उपद्रव करने वाले दो असामाजिक तत्वों को धर दबोचा है। इसके साथ ही पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक पुराने मामले में फरार चल रहे स्थायी वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। सोमनी थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक के.पी. मरकाम के पर्यवेक्षण में जिले में अपराधों की रोकथाम, नशे व असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है।

### शराब के नशे में विवाद करने वाले दो गिरफ्तार

थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राम बघेरा से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ युवक शराब के नशे में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से गाली-गलौज व विवाद कर शांति व्यवस्था बिगाड़ रहे हैं। शिकायतों का सत्यापन कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोनल मंडावी (23 वर्ष) और खोमचंद साहू (20 वर्ष), दोनों निवासी ग्राम बघेरा, को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। इसी कड़ी में सोमनी पुलिस ने अपराध क्रमांक 207/2020 धारा 294, 323, 506, 307, 34 भादवि (हत्या का प्रयास) के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी विजय सिंह साहू (30 वर्ष, निवासी रामनगर, थाना मोहन नगर, जिला दुर्ग) के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को तामील किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे जेल भेज दिया गया है।

# कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने वाले 5 व्यक्ति आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव (दावा)।** बसंतपुर थाना क्षेत्रांतर्गत सुरगी चौकी पुलिस ने क्षेत्र के असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए गांव में कानून व शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 2 अगस्त को देहात पेट्रोलिंग के दौरान सुरगी चौकी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भर्रेगांव में कुछ लोग युवाओं को सार्वजनिक स्थान पर ताश खेलने के लिए इकट्ठा कर रहे हैं। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। जांच में पाया गया कि आरोपी मिथिलेश चंद्राकर, कन्हैया निषाद, लल्ला निषाद, चंदूराम निषाद एवं टिकेश कुमार टंडन द्वारा सार्वजनिक स्थल पर युवाओं को जुआ खेलने के लिए उकसाया जाता था। ग्रामीणों द्वारा मना करने पर ये उनसे वाद-विवाद कर मारपीट की धमकी भी देते थे। इससे क्षेत्र में शांति भंग होने और संज्ञेय अपराध होने की प्रबल संभावना बनी हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सुरगी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी मिथिलेश चंद्राकर (34 वर्ष), कन्हैया निषाद (43 वर्ष), लल्ला निषाद (36 वर्ष), चंदूराम निषाद (40 वर्ष) एवं टिकेश कुमार टंडन (36 वर्ष), सभी निवासी ग्राम भर्रेगांव को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। तत्पश्चात धारा 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

# निशक्तता से ऊपर उठकर सशक्त होने का सफर अभिलाषा की देन : भानुप्रताप साहू



**राजनांदगांव (दावा)।** नगर में संचालित दिव्यांगजनों की अग्रणी संस्था अभिलाषा में भूतपूर्व आदर्श छात्र भानु प्रताप साहू का आगमन हुआ। भानु अपनी पुरानी यादों को ताजा करने, संस्था के दिव्यांग बालक-बालिकाओं को प्रेरित करने और अपने गुरुजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने इस अवसर पर सभी स्टॉफ और बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की। उनके पहुंचते ही पूरा परिसर खुशियों से भर गया।

### चुनौतियों को पार कर हासिल की सफलता

मूल रूप से छुरिया विकासखंड के ग्राम सीताकसा निवासी भानु साहू अस्थिबाधित दिव्यांग हैं और एक बेहद सामान्य परिवार से आते हैं। कक्षा 12वीं (बायो) प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के बाद वे दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते थे, लेकिन प्रतिदिन लगभग 100 किलोमीटर का सफर तय करना उनके लिए बेहद कठिन था। उस समय दिग्विजय कॉलेज की तत्कालीन प्राचार्य एवं अभिलाषा संस्था की सदस्य डॉ. हेमलता मोहबे ने उन्हें अभिलाषा आवासीय विद्यालय के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव से मिलने की सलाह दी।

अभिलाषा संस्था के तत्कालीन अध्यक्ष अब्दुल्ला भाई यूसुफ, सचिव संतोष खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार बोद्दून और शिक्षा प्रभारी सरदार जी.एस. नरेंद्र के सहयोग से भानु ने अभिलाषा में रहकर एम.एससी. और बी.एड. की पढ़ाई पूरी की। विगत एक दशक से भी अधिक समय से वे अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम सांगली स्थित मिडिल स्कूल में शिक्षक (वर्ग-2) के पद पर कार्यरत हैं। उप संचालक समाज कल्याण श्रीमती वैशाली मरडवार ने भानु साहू को संस्था के अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## अनमोल दावा

**“बीता हुआ कल बदला नहीं जा सकता, लेकिन आने वाला कल आपके हाथ में है।**

## सम्पादकीय

# नीतिन नबीन का गढ़ छीनकर पी.के. ने भाजपा की नाक दबायी

तीन विधानसभा के उपचुनाव के परिणाम यूं तो सामान्य बात है, जिसका विशेष कोई राजनैतिक महत्व नहीं है। किन्तु, बिहार की बांकीपुर में भाजपा की पराजय पार्टी के लिए आघातजनक हैं। इसके अलावा, गुजरात की मांजलपुर जो पहले से ही भाजपा के पास भी वहां फिर भाजपा की जीत और मध्यप्रदेश की दतिया सीट जो पहले से ही कांग्रेस के पास थी। वहां पुनः क्रमशः भाजपा व कांग्रेस की जीत को सामान्य कहा जा सकता है। गुजरात, बिहार और मध्यप्रदेश ये तीनों ही राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। सामान्यतः उप चुनावों में सत्तासीन पार्टी ही जीतती है। किन्तु, यहां दो राज्यों में भाजपा की पराजय, जहां उनकी सत्ता थी। इसके बावजूद वह पराजित हुई भाजपा के लिए निःसंदेह चिन्ताजनक है। जिसमें बिहार की बांकीपुर की हार तो भाजपा के लिए दो प्रकार से प्रतिष्ठा की फजीहत हो गई है। बांकीपुर सीट भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नबीन का गढ़ था। जो अब ढह गया है। नीतिन को भाजपा ने राज्यसभा में भेजा था। जिसके कारण यह सीट खाली हो गई थी।

नीतिन नबीन पिछले 4 कार्यकाल से लगातार इस सीट से जीत रहे थे। इस कारण, भाजपा को लगा था कि यहां से उपचुनाव में भाजपा आसानी से जीत जाएगी। किन्तु, आश्चर्यजनक रूप से भाजपा हार गई। ‘भाजपा के घाव पर नमक डालने’ जैसी यह बात है। बांकीपुर में से चुनावों की रणनीति, व्यूह रचनाकार से राजनीतिज्ञ बनने वाले प्रशांत किशोर ऊर्फ पी.के. जीत गए हैं। हाल ही, दो साल पहले ही हुवे बिहार विधानसभा चुनाव में पी.के. की जनसुराज पार्टी का बिल्कुल ही कमजोर प्रदर्शन था। उसके बाद, भाजपा के नेता उनका माखौल उड़ाते थे। वही पी.के. अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सीट को ले उड़े। यह भाजपा को बहुत बड़ा झटका है।

पी.के. की जीत के पोस्टमार्टम में यह कि, ये परिणाम देश के मतदाताओं का मिजाज बदल रहा है, यह बताता है। दूसरी विशेष बात यह कि लोगों ने केवल भाजपा को ही नहीं नकारा है, किन्तु बिहार में पुनः स्थापित होने की मशक्कत करने वाले तेजस्वी यादव की राष्ट्रीय जनता पार्टी की जनता दल को भी नकार दिया है। आर.जे.डी. की महिला प्रत्याशी रेखा कुमारी को बहुत ही कम वोट मिले। जिस पर से यह लगता है कि, आर.जे.डी. जैसे जातिवाद का पोषण करने वाले राजनीतिज्ञों के दिन शायद अब ढलने लगे हैं।

ऐसा भी कहा जा रहा है कि, जेन-जी भाजपा से नाराज है। उसका फायदा पी.के. को मिल गया। नीट पेपर लीक हुआ। इसमें भाजपा की सरकार के दोषियों को बचाने में टांके ढीले हो गए। इससे नाराज जेन-जी ने पी.के. को शिक्षित मानते उन्हें वोट देना पसंद किया। इसी के साथ, भाजपा ने दल-बदल करके आए सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बना दिया, इससे भी भाजपा कार्यकर्त्ता की नाराजगी भी पी.के. की जीत का कारण हो सकता है।

इस जीत ने पी.के. के राजनैतिक कैरियर को एक जीवनदान दिया है। पी.के. एक बड़े चुनाव रणनीतिकार के रूप में जाने जाते हैं। इसके बावजुद, वे अपनी जनसुराज पार्टी को एक भी सीट जीता नहीं सके थे। अब यह कलंक मिटेगा, इसके आसार हैं।

# आज ‘जेन-जी’ भगवान, कल कौन ?

**क्षमा शर्मा**

**हाल ही में जब दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी की ओर से प्रदर्शन किया गया, तब भारी बवाल हुआ था। युवकों और युवतियों ने जिस तरह से गाली-गलौच की, वह बेहद शर्मनाक थी। लेकिन गाली देने वालों के भी समर्थक निकल आए। कहने लगे कि आखिर बच्चे वही तो सीखते हैं, जो उनके घर वाले करते हैं। कि गालियां स्त्रियों की ताकत को बता रही हैं। दिलचस्प यह है कि ऐसे ही बहुत से लोग अब तक गालियों को पितृसत्ता का वाहक बताते रहे हैं। फिर यदि चूंकि घर में गाली दी जाती थी, तो बच्चों का भी ऐसा करना जायज है, यह कौन-सा तर्क हुआ ? एक ने गलत किया, तो दूसरा भी करे ? यही नहीं, जो लोग गाली देने का विरोध कर रहे थे, उनके बारे में बताया जाने लगा कि ये सब-के-सब ठरकी बुड्ढे हैं। खुद तो खूब अपशब्द बोलते हैं, बच्चे ऐसा करने लगें, तो उन्हें टोकते हैं। हाय-हाय करते हैं। कि ये तो `बेबी ब्लूमर्स' हैं। यानी 1946 से 1964 के बीच पैदा हुए हैं। इन अंकल आंटियों को बदलती दुनिया के बारे में क्या मालूम। यानी जो भी बूढ़े हैं, उम्रदराज हैं, अनुभवी हैं, उन्हें इस बारे में बोलने का अधिकार नहीं है।**



इस तरह लोग गाली विरोधियों को उम्र की लाठी से पीटने लगे, जैसे कि उम्र सिर्फ इन्हीं के पास आई है। इन्हें ही थकाया है। बाकी लोगों ने उम्र को पकड़ रखा है, वे कभी बूढ़े नहीं होंगे।

जिसे आज ‘जेन-जी’ कहा जा रहा है, 10 साल बाद वे कहां होंगे ? आज ही जेन-अल्फा, बीटय उनका दरवाजा खटखटा रहे हैं।

जिन्हें ‘बेबी ब्लूमर्स’ कहा गया, जेन-जी वाले इन्हीं के बाल बच्चे, नाती-पोते हैं, परिवार में साथ रहते होंगे। तो क्या युवा लोगों को परिवार के बुजुर्ग सदस्यों के बोलने, समझाने, किसी आपदा में सही राह निकालने के अवसर को छीन लेना चाहिए? क्योंकि वे उम्रदराज हैं, इसलिए उनके मामूली अधिकार भी नहीं? क्यों भाई? जिस लोकतंत्र को गा-बजा रहे हो, संविधान की दुहाई सोते-जागते दे रहे हो, वहां कहां लिखा है कि किस उम्र के आदमी को बोलने दिया जाए? और किसके मुंह पर ताला जड़ दिया जाए?

फिर जेन-जी के युवक-युवतियों को छात्र बताया जा रहा है, वे कहीं पढ़ रहे होंगे। कोई कोर्स कर रहे होंगे। अच्छे कपड़े, स्मार्ट फोन, लैपटॉप, खाना-पीना, रहन-सहन, यात्रा का और जेब खर्च कहां से आता होगा। जाहिर है कि उन्हीं घर वालों की जेब से, जिनके बोलने पर भी आपत्ति इसलिए है कि

वे बेबी ब्लूमर्स हैं। यानी कि जन्म दिया है। माता-पिता के संसाधन तो चाहिएं। ज्यादा से ज्यादा मिलें, तो कितना अच्छा। उनका उत्तराधिकार मिले लेकिन उन्हें बोलने, सलाह देने, किसी आपत्ति से बचाने का कोई हक नहीं। यदि उनका बोलना इतना बुरा है, तो ऐसा करो कि अपना बोरिया बिस्तर बांधो, अलग रहो। उनसे एक पैसा न लो। तब पता चलेगा कि जो तुम्हें बता रहे हैं कि अपने मालिक खुद ही हो, वे कितनी मदद करने आएंगे। कभी मिल भी जाएं, तो मुंह फेरकर निकल लेंगे। फोन भी न उठाएंगे।

ये वे माता-पिता हैं, जिन्होंने अपने जीवन में बेहद कठिनाइयां झेली हैं। हाड़-तोड़ परिश्रम किया है। यह भावना। भी मन में रही है कि जो कठिनाइयां इन्होंने झेलीं, उनकी छाया भी बच्चों पर न पड़े। इसलिए हर उस सुविधा को जुटाने का प्रयास किया, जो उन्हें कभी नहीं मिली। फिर भी वे हंसी उड़ाने लायक हैं।

जो दल और नेता तुम्हारी वाहवाही कर रहे हैं, जो बुद्धिजीवी तुम्हारे बधाए गा रहे हैं और कह रहे हैं कि तुम और टिके रहते, वे कभी बचाने नहीं आएंगे। तुम्हारे लिए एक पैसा नहीं निकलेगा जेब से। जो करेंगे, करेंगे, वे बस परिवार वाले ही, जिनकी कीमत कुछ नहीं। यूं इन नेताओं के लिए भी जेन-जी तुम्हारी कीमत तभी तक है, जब तक कि तुम उनके वोटर हो। वोट के बाद ये भूल जाएंगे कि तुम कौन। यानी कि सत्ता के द्वार तक पहुंचाने की कुंजी भर हो। एक पुर्जा, जिसे बैलेट बाक्स में फिट भर किया जाना है।

फिर कुछ लोग कह रहे हैं कि जेन-जी जैसी तो कोई जैनरेशन नहीं। भारत को बंगलादेश, नेपाल बनाना है। बना लो लेकिन यह भी बताओ कि बंगलादेश, नेपाल में क्या हुआ, क्या हो रहा है? बंगलादेश में वे लोग सरकार में हैं, जिनका कट्टरपंथियों पर कोई नियंत्रण नहीं। यूं भी सत्ताधारी दल बी.एन.पी. खालिदा जिया का है, जो कट्टरपंथियों की समर्थक मानी जाती थीं। वहां कट्टरपंथियों ने अल्पसंख्यकों का जीना मुश्किल कर रखा है। यहां भी ऐसा हो जाए, यही चाहिए? और नेपाल, वहां जेन जी के आंदोलन के बाद बालेन शाह सत्ता में हैं।

वहां वही लोग बालेन के खिलाफ हो गए हैं, जिन्होंने उन्हें सत्ता सौंपी थी। आज नेपाल भीषण दंगों की आग में जल रहा है। क्या इसीलिए भारत को नेपाल की तरह बनाना है? क्यों भई? चैन से रहना रास नहीं आता? यूं भी आज का नायक कल खलनायक बना दिया जाता है। आज जेन जी भगवान है, कल कोई और होगा।

## कहानी

# / / सावधानी / /

**प्रिया देवांगन “प्रियू”**





बारिश का मौसम था। आसमान में काली घटाएं घिरने लगी थीं। वहीं छोटी-छोटी लड़कियाँ खेलकूद कर मौसम का आनंद ले रही थीं। तभी जोर से बिजली चमकी और बच्चियाँ डर गई। वहीं सहम कर एक-दूसरे को देखने लगी। उनमें से एक बच्ची मिन्नी बोली-“अब हमें यहाँ से चलना चाहिए। आंधी और बारिश शुरू होने वाली है।” मिन्नी की बातों को उसकी सहेलियां अनसुना कर दीं। तभी विधि बोली-“तुम्हें जाना है तो जा सकती हो मिन्नी; हमें बारिश का मजा लेना है।” मिन्नी बोली-“मेरे पिता जी कहते हैं कि जब जोर से बिजली चमके तो पेड़ों पर या खुले आसमान के नीचे नहीं ठहरना चाहिए, और जहाँ बिजली खंभा हो उसके आसपास तो बिल्कुल भी नहीं रहना चाहिए।” इतना सुनकर मिन्नी का सभी मजाक उड़ाने लगे और बोले-“हमें कुछ नहीं होगा। मिन्नी तुम स्वयं डर रही हो और हमें भी डरा रही।” मिन्नी चुपचाप अपने घर की तरफ चली गई।

मिन्नी के जाते ही थोड़ी ही देर में बारिश तेज होने लगी; बिजली का जोर-जोर से चमकना, बादल का गरजना शुरू होने लगा। सभी लड़कियां शांत हो गई। विधि बोली-“चलो उस पेड़ के नीचे जाकर खड़े होते हैं, जैसे ही बारिश कम होगी हम घर चले जाएंगे।” जैसे ही कदम आगे बढ़ाए तो देखे कि पलक झपकते ही जोर से बादल गरजा और आसमान से वज्रपात हुआ। देखते ही देखते हरे-भरे वृक्षों में आग लग गई; लड़कियां बाल-बाल बचीं। एक-दूसरे को देखते हुए काँपने लगीं, मुंह से आवाज तक नहीं निकल रही थी।

धीरे से प्रिंसी बोली- “विधि तुम्हारा घर थोड़ा पास है, हम तुम्हारे घर चलते हैं; यहाँ रुकना सही नहीं है। सभी ने हामी भरी और भींगते विधि के घर चली गई।

विधि के मम्मी-पापा विधि के साथ-साथ उनकी सहेलियों को घर की तरफ आते देख लिए थे। सभी अंदर गए। पापा ने सब को एक-एक तौलिया देते हुए पूछा-“इतनी बारिश में कहाँ से आ रहे तुम सब?” सब के सब डर से शांत थे कि अब तो डांट पक्की है।

बताओं बेटा क्या हुआ? प्रिंसी ने पूरी घटना क्रम की जानकारी मम्मी-पापा को दी। विधि के पिता जी ने सबको डाँट लगायी और उन्हें समझाया- “जीवन में हमेशा याद रखना कि हमें पेड़ या बिजली खम्भे के नीचे ऐसे समय नहीं खेलना या रहना चाहिए। तुम सबने देखा है कि आसमान से वज्रपात पेड़ों पर हुआ। जैसे हम दो पत्थरों को आपस में रगड़ते हैं तो उससे आग उत्पन्न होती है, उसी तरह आसमान में भी बादल जब एक-दूसरे से टकराते हैं तो बिजली उत्पन्न होती है और वह धरती के गुरुत्वाकर्षण के कारण पेड़ों, बिजली खम्भों पर गिर जाती है। जिस जगह पर गिरती है उस जगह के आसपास पूरा आग लगा देती है, नष्ट कर देती है। इससे निकलने वाला धुआँ बहुत ही हानिकारक होता है। आसपास के जगहों के अलावा वहाँ पर जाने वाले मनुष्य के शरीर को भी नुकसान पहुँचाती है। बादल व बिजली के सम्बंध में जो बातें मिन्नी के पिता जी ने उसे समझाया, वही बातें वो तुम्हें बताई और तुम सब को मजाक लगा। सभी सिर झुकाये चुपचाप विधि के कमरे की तरफ चली गयीं। उन्हें आज एक अच्छा सबक मिल गया था।


राजिम, जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़



## सामयिक चर्चा

# प्रसिद्धि में आदमी फंसते है

खबर पढ़कर
अपने आप हंसकर,
बानी बोले ये दोनों गजाधर!
दिल्ली के जन्तर-मन्तर पर
विरोध प्रदर्शन और छात्र आन्दोलन के
समाप्त होने के बाद अब अभिजीत दीपके
एक कानूनी मुश्किल में
फंसते दिखाई दे रहे है।
उनके काकरोच जनता पार्टी के एक करोड़ के
लीगेल डिफेन्स फण्ड पर
सवाल खड़ा हो रहे है। एक सवाल यह है कि
अभिजीत दीपके के पिता भगवान राव दीपके के
पास उन्हें अमेरिका भेजने के लिए पैसे कहां से आए
जबकि वे है एक सेवानिवृत्त कर्मचारी।
तभी तो गुजरात के सूरत के
आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल तिवारी,
उन्होंने सीजेपी के लीगल डिफेन्स फण्ड
और अभिजीत दीपके के पिता की
आर्थिक स्थिति की जांच की मांग की।
यह मांग तिवारी ने भारतीय चुनाव आयोग
और जीएसटी बोर्ड के अधिकारियों से की।
तो गजाधर! अब एक करोड़ के फडिंग पर फंसे
अभिजीत दीपके बताएं
कि उनके पिता के पास उन्हें अमेरिका भेजने के
लिए पैसे कहां से आए?
गजाधर! इस पर आप क्या कहते है?
गजाधर मुस्कराए बोले - बानी!
आदमी को सीधा-शान्त रहना चाहिए
क्योंकि चर्चित था
प्रसिद्ध होने की चाह में
वे आज नहीं तो कल,
रूपया-पैसे के मामले में फँसते है।
*(मंगलवार 4 अगस्त 2026)*



गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -120

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मान, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रामाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंग, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 119 का हल

## कविता

# संगीत नगरी खैरागढ़

लता मंगेशकर जईसे महान हस्ती मन,
जिहा ले संगीत विदया के धन ल पाईन हे।
भारत माता के सम्मान रत्न ल,
विश्व स्तर म चिन्हाईन हे।।
अईसन खैरागढ़ के संगीत नगरी,
विश्व स्तर म अद्वितीय पहिचान हे।
संगीत के देवी माता सरस्वती,
जिहा संऊहत विराजमान हे।।



चुरामन साहू, ग्राम कसही
एवं सिंगदई, वार्ड नं. 50
8964022051

## / / सावन विशेष / /

# / / भोला मान जथै / /

भोला मान जथै दीदी,
तीन पतिया बेल पाना मा।
ये दे आगे सावन मास।
रहिबोन सम्मारी उपास।
बसथे उज्जर मन मा,
ये श्रद्धा अउ बिस्वास।
महादेव मान जथै बहिनी,
दुइ-सउघे चाउँर दाना मा।
भोला मान जथै...।
ये बाबा औघट दानी ए।
रीति-नीति के बानी ए।
नहाबोन सुग्घर भक्ति मा,
ये तिरबेनी घाट के पानी ए।
सिव जी मान जथै भवजी,
प्रेम के सुका-आना मा।
भोला मान जथै...।
राख भभूत तन वाला।
नंदिया बइला बाहन वाला।
झूले हिर्री-बिच्छी कान मा,
साँप-डेढू के गरमाला।
संकर मान जथै नोनी,
सिरिफ गाना बजाना मा।
भोला मान जथै....।



टीकेश्वर सिन्हा
“गब्दीवाला”
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)

## राशिफल

**मेष** — आज घर और परिवार का माहौल सुखद रहेगा, घर के बड़ों की सलाह काम आएगी। भाई बहन से जुड़ी कोई खबर मिल सकती है और छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। रात में नींद कम होने या मन में बेचैनी रहने की आशंका है, इसलिए दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। सेहत से जुड़े छोटे उधार या पुराने बकाया मामलों का निपटारा हो सकता है।

**वृष राशि** — आज सामाजिक दायरे और दोस्तों से कोई शुभ सूचना मिल सकती है, मन की इच्छा पूरी होने के आसार बन रहे हैं। परिवार और धन से जुड़े विषयों में स्थिति संतोषजनक रहेगी लेकिन वाणी पर नियंत्रण जरूरी है। करियर में वरिष्ठों का सहयोग मिल सकता है, नई जिम्मेदारी संभालने का मौका बन सकता है। प्रेम जीवन में रोमांस और उत्साह रहेगा।

**मिथुन** — कामकाज के मोर्चे पर आज सक्रियता बढ़ेगी और कॉन्फिडेंस में भी इजाफा दिखेगा। बॉस या सीनियर्स की तरफ से प्रशंसा मिलने के चांस हैं। स्वभाव में थोड़ी उग्रता आ सकती है, तो शब्द चुनते समय जरा सोच-समझकर बोलें। पैसों और घर-परिवार के मामलों में स्थिरता बनी रहेगी। भाग्य और धार्मिक कामों की तरफ रुझान बढ़ेगा, तीर्थ यात्रा की कोई योजना भी बन सकती है।

**कर्क** — आज पर्सनैलिटी में एक अलग निखार दिखेगा, कॉन्फिडेंस भी मजबूत रहेगा। जो बात आप कहेंगे, उसका असर लोगों पर अच्छा पड़ने वाला है। भाग्य और गुरु कृपा से मन को शांति मिलेगी। किसी धार्मिक स्थान जाने का ख्याल भी मन में आ सकता है। ऐसे में बजट और दिनचर्या, दोनों को संभालकर चलना बेहतर रहेगा।

**सिंह** — आज मित्रों और सोशल सर्कल की तरफ से सहयोग मिलेगा। कोई पुरानी इच्छा पूरी होने के आसार भी बनते दिख रहे हैं। पैसों और बोलचाल से जुड़े मामलों में सुधार आता जाएगा। आराम और नींद की कमी महसूस हो सकती है, तो दिनचर्या में थोड़ी जगह विश्राम के लिए भी निकालें। छिपे हुए रहस्यों या दस्तावेजी मामलों में सतर्क रहना जरूरी होगा।

**कन्या** — करियर के मोर्चे पर आज एक अच्छा मौका मिल सकता है। बीते दिनों में की गई आपकी मेहनत का असर आज दिख सकता है। वरिष्ठों की नजर आप पर बनी रहेगी। जीवनसाथी हो या बिजनेस पार्टनर, किसी विषय पर तालमेल बनाए रखना जरूरी होगा। छोटी-मोटी बातों को लेकर बड़ा मुद्दा बनाने की बजाय उसे नजरअंदाज करना बेहतर होगा।

**तुला** — आज पद और प्रतिष्ठा के मामले में तरक्की के संकेत मिलेंगे, ऑफिस या समाज में आपकी पूछ बढ़ेगी। गुरुजनों और भाग्य का साथ मिलेगा, किसी धार्मिक स्थल जाने का प्रोग्राम बन सकता है। हालांकि, शरीर में थकावट और काम का बोझ महसूस होगा, इसलिए दिनचर्या ठीक रखें। खर्च बढ़ने के साथ साथ अकेले रहने का मन भी कर सकता है।

**वृश्चिक** — आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। पढ़ाई या धार्मिक कामों में मन लगेगा। हर क्षेत्र में सफलता के आसार बनेंगे। बच्चों, प्रेम प्रसंग या रचनात्मक कार्यों में उतार-चढ़ाव दिख सकता है, इसलिए जल्दबाजी छोड़कर सब्र से काम लें। ससुराल पक्ष, गुप्त मामलों या जरूरी कागजातों के मामले में सावधानी बरतनी होगी। दोस्तों से आर्थिक मदद मिल सकती है।

**धनु** — आज घर परिवार का माहौल हल्का-फुल्का रहेगा। जीवनसाथी या बिजनेस पार्टनर के साथ किसी मामले में चर्चा हो सकती है। अपने मन की बात न होने पर गुस्सा करने के बजाय, इसे समझदारी से निपटाएं। गुप्त मामलों में जल्दबाजी न करें। नौकरी में आपको टीम वर्क की भावना में काम करना होगा। भाई बहन के साथ छोटी यात्रा सुखद साबित होगी।

**मकर** — आज पति-पत्नी या बिजनेस पार्टनर का पूरा साथ मिलेगा। आपसी रिश्तों को मजबूत करने के लिए कुछ छोटे-छोटे कदम उठाने से राहत मिलेगी। सेहत, रोजमर्रा के काम और कर्ज को लेकर सतर्क रहना होगा। काम की अधिकता की वजह से थकान हो सकती है। ऑफिस के काम का बोझ बढ़ सकता है। भाई-बहन के साथ बातचीत में तल्खी आ सकती है।

**कुंभ** — आज संतान, प्रेम प्रसंग या किसी क्रिएटिव काम की तरफ से खुशी मिल सकती है। मूड भी अच्छा बना रहेगा। पैसों के मामलों में और घर-परिवार के लोगों से बातचीत में जरा सावधानी बरतें। खर्चों पर लगाम कसनी होगी, इसे टालें नहीं। नौकरी, सेहत और रोजमर्रा के कामकाज में जो मेहनत की गई है, उसका नतीजा भी सामने आ सकता है।

**मीन** — आज आपके व्यक्तित्व और आत्मविश्वास में गजब की चमक रहेगी, आपकी लगनेश गुरु की कृपा से सोच साफ और सकारात्मक बनी रहेगी। बच्चों, प्रेम या क्रिएटिव कामों में मेहनत जरूरी होगी, तुरंत नतीजे की उम्मीद छोड़ दें। घर, मां और गाड़ी से जुड़े मामलों में अच्छे संकेत हैं। जीवनसाथी या पार्टनर के साथ तालमेल बनाकर चलें।



# खैरागढ़ में कांग्रेस का 'स्मार्ट मीटर हटाओ' अभियान तेज, घर-घर पहुंचकर भरवाए जा रहे फॉर्म

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में बढ़ी हुई बिजली दरों और स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर सियासी घमासान तेज हो गया है। खैरागढ़ शहर कांग्रेस कमेटी ने आम उपभोक्ताओं के समर्थन में 'स्मार्ट मीटर हटाओ, फॉर्म भरो' अभियान की शुरुआत इतवारी बाजार से कर दी है। इसके तहत कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर और दुकानों तक पहुंचकर लोगों से स्मार्ट मीटर हटाने, बिजली दरों में कमी करने और 400 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने की मांग वाले आवेदन पत्रों पर हस्ताक्षर करवा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। जहां पहले बिल 500 रुपये के आसपास आता था। वहीं अब वह कई गुना बढ़ गया है। जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।



### उत्तर प्रदेश का उदाहरण देकर सरकार को घेरा

अभियान के दौरान नीलाम्बर वर्मा, कोमल दास साहू, अरुण भारद्वाज, मनराखन देवांगन और दीपक देवांगन ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर के जरिए जनता की जेब पर डाका डाल रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी भाजपा सरकार है, लेकिन वहां इस योजना पर सतर्कता बरती जा रही है। जबकि छत्तीसगढ़ में विरोध के बावजूद इसे थोपा जा रहा है। नेताओं ने दावा किया कि 1 जुलाई से लागू नई बिजली दरों से 100 यूनिट पर करीब 33 रुपये और 200 यूनिट पर लगभग 67 रुपये अतिरिक्त देने पड़ रहे हैं। ड्यूटी और सेस जुड़ने से आम, व्यावसायिक व कृषि उपभोक्ता सभी परेशान हैं।

- महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर को लेकर भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला
- 400 यूनिट तक बिजली बिल माफ करने और दरें घटाने की मांग को लेकर सभी 20 वार्डों में चलेगा अभियान

### सभी 20 वार्डों में पहुंचेगा अभियान : मनराखन देवांगन

मनराखन देवांगन ने बताया कि यह फॉर्म भरो अभियान खैरागढ़ शहर के सभी 20 वार्डों में चलाया जाएगा। यदि सरकार ने जल्द ही समाधान नहीं निकाला तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस अभियान में किशन रजक, रिंकू गुप्ता, पूरन सारथी, रविंद्र सिंह गहेरवार, मनोहर सेन, गिरीश सारथी, रतन सिंघी, शिवानंद यादव, हरिदर्शन ढीमर, रानू नियाजी, डोमार सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पेंशनर एसोसिएशन डोंगरगढ़ की अभिनव पहल : घोटिया स्कूल में अनाथ बच्चों को मिले बैग, पेंसिल और मिठाई



डोंगरगढ़ (दावा)। समाज सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण का मिसाल पेश करते हुए पेंशनर एसोसिएशन डोंगरगढ़ ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घोटिया में 'शिक्षा सहयोग एवं स्नेह मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन द्वारा अनाथ एवं जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बैग, पेंसिल और मिठाई वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात सदस्यों ने बच्चों को स्टेशनरी, बैग और मिठाई भेंट की।

### जंगलों और पहाड़ों को पार कर 13 किमी पैदल आने वाले बच्चे सम्मानित

कार्यक्रम का सबसे प्रेरणादायक पल तब आया जब बरनारा खुर्द गांव के कक्षा पहली में अध्ययनरत 2 नवप्रवेशित बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। ये बच्चे रोजाना घने जंगलों और पहाड़ी रास्तों से होकर 13 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल पहुंचते हैं। बच्चों के इस अदम्य साहस और पढ़ाई के प्रति जज्बे को देखते हुए एसोसिएशन ने उन्हें विशेष प्रोत्साहन स्वरूप बैग और सामग्री भेंट की।

### शिक्षा के प्रचार-प्रसार में पंचायत का रहेगा पूरा सहयोग : सरपंच

घोटिया सरपंच संजय ऊईके एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष ईश्वर ऊईके ने एसोसिएशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार जताया। सेवानिवृत्त प्राचार्य कुलदीप साहू ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। इतनी दूर से पैदल चलकर आने वाले बच्चों का सहयोग करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। वहीं हेमंत साहू ने हर वर्ष ऐसे आयोजन करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रधान पाठक दिनेश कुमार खांडे ने कहा कि इस तरह के सहयोग से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक महेंद्र गायकवाड़, देवेंद्र नागर, शिक्षक लक्षण भगत, धनराज वर्मा, बिजेंद्र वर्मा, महेंद्र कंवर तथा पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष हंसराज साहू, सचिव रमेश ठेठवार, कोषाध्यक्ष जी.आर. बुढ़ेल, संरक्षक कन्हैया राम देवांगन, रामनाथ भंजारे, मनोहर साहू और मंधीर दास साहू सहित सदस्य उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

# संस्था के मार्गदर्शन पर महिला ग्राम सभा सदस्यों ने सीड बॉल का किया निर्माण और छिड़काव



बांधाबाजार (दावा)। वनांचल व आदिवासी बाहुल्य जिले मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी में बढ़ती आबादी और विभिन्न परियोजनाओं के कारण हो रहे वनों के विनाश को रोकने के लिए ग्राम सभाएं आगे आ रही हैं। वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त ग्रामों–माधोपुर, बमनी (मोहला) तथा भुरभुसी, चमरूटोला, पड़की, संसारगढ़ व देवरसुर (अंबागढ़ चौकी) में ग्राम सभा के महिला व पुरुष सदस्यों ने 'सृष्टि संस्था' (परियोजना कार्यालय दक्कोटोला) के मार्गदर्शन में वैज्ञानिक तरीके से बिना लागत व कम श्रम से सीड बॉल का निर्माण कर उनका छिड़काव किया है।

### दुर्गम स्थानों और बंजर भूमि के लिए वरदान

ग्राम सभा सदस्यों के अनुसार सीड बॉल दुर्गम स्थानों पर आसानी से वृक्षारोपण करने का एक बेहतरीन माध्यम है। इसमें गोबर, खाद, मिट्टी और राखड़ के मिश्रण से बॉल बनाई जाती है, जिसके भीतर बीज सुरक्षित रहता है। इससे बीज कीड़े-मकोड़ों और बीमारियों से बचा रहता है। बारिश का पानी मिलते ही मिट्टी की बॉल घुल जाती है और बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले लेता है। यह तरीका हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण रक्षा के लिए वरदान साबित हो रहा है।

ग्राम पड़की एवं भुरभुसी की सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष-सचिव गंगादास सलामे, योगेश कुमार मंडावी, शत्रुघ्न सिंह सलामे व रामनाथ सलामे ने बताया कि उनके गांवों में 4 एकड़ वन भूमि में मिश्रित प्रजाति के बीजों से निर्मित सीड बॉल का छिड़काव किया गया है। आगामी वर्ष में जंगल के अंदर खाली व बंजर स्थानों पर हजारों की संख्या में सीड बॉल छिड़कने की योजना है। ग्राम सभाओं को वनों के संवर्धन, संरक्षण और प्रबंधन के प्रति जागरूक करने में सृष्टि संस्था के क्लस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले, कार्यकर्ता अर्जुन कुमेटी तथा श्रीमती सरिता कोरेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# आईटीआई में नवकौशल पथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

अंबागढ़ चौकी (दावा)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) अंबागढ़ चौकी में 'नवकौशल पथ, नई राह, नया हुनर' कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य जी.एल. खरे की अध्यक्षता में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि अनिल मानिकपुरी ने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि पीएम व सीएम कौशल उन्नयन योजना युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करती है। उच्च शिक्षा से वंचित युवा आईटीआई के माध्यम से अपना कौशल निखारकर सरकारी व निजी क्षेत्रों में बेहतर करियर बना सकते हैं। प्राचार्य जी.एल. खरे ने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ लगनपूर्वक पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, कोपा और डीजल मैकेनिक ट्रेड के नवप्रवेशी विद्यार्थियों सहित प्रशिक्षण अधिकारी भागबली वर्मा, राजेश ठाकुर, राजेंद्र मरकाम, दिलीप सिंह ठाकुर व स्टाफ उपस्थित रहा।डोंगरगढ़ में सड़क पर अवैध रूप से निर्मित मकान को हटाने की कार्रवाई

# डोंगरगढ़ में सड़क पर अवैध रूप से निर्मित मकान को हटाने की कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में जिले में अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा वार्ड क्रमांक 10 में सड़क के मध्य अवैध रूप से निर्मित मकान को हटाने की कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी अनुसार हीरालाल यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 10 में सड़क के बीचों-बीच निर्माण कर सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण करने से आवागमन में बाधा उत्पन्न होने तथा नागरिकों को असुविधा का सामना करने के संबंध में वार्डवासियों द्वारा शिकायत प्राप्त हो रही थी। प्राप्त शिकायत एवं स्थल निरीक्षण के उपरांत नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ द्वारा नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित व्यक्ति को व्यवस्थापन हेतु जगह उपलब्ध कराया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ ने बताया कि नगर क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि, सड़क एवं नालियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण अथवा अतिक्रमण नहीं करने तथा नगर की व्यवस्था एवं सौंदर्य बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

# केसीजी पुलिस की बड़ी कार्रवाई : अवैध शराब बेचते 4 आरोपी गिरफ्तार, 119 पौवा शराब और दो मोटर साइकिलें जब्त

छुईखदान (दावा)। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत छुईखदान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है।



पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध रूप से शराब बेच रहे चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब और परिवहन में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।

### पंडरिया रोड के पास घेराबंदी कर दबोचा

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में 2 अगस्त को छुईखदान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पंडरिया रोड स्थित ग्राम विचारपुर के पास कुछ लोग अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की और चारों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रशांत ढीमर उर्फ बंटी (24 वर्ष), निवासी वार्ड 09 इतवारी बाजार खैरागढ़, विनायक यादव (20 वर्ष), निवासी वार्ड 06 बरेठ पारा खैरागढ़, गुलशन भगत (25 वर्ष), निवासी वार्ड 11 धरमपुरा खैरागढ़, संजय धुर्वे (19 वर्ष), निवासी वार्ड 05 ठाकुर पारा खैरागढ़ के पास से कुल 61,740 रुपये का माल जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 119 पौवा (21.42 बल्क लीटर) अवैध शराब, बिक्री की नगदी रकम 500 रुपये और शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही 2 मोटर साइकिलें जब्त की हैं। जब्त कुल मशरूका की कीमत 61,740 रुपये आंकी गई है। आरोपियों के विरुद्ध थाना छुईखदान में अपराध क्रमांक 281/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर 3 अगस्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें उपजेल सलोनी भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब, जुआ और सट्टा जैसी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस कार्रवाई में छुईखदान थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

**छुईखदान पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ा, आरोपियों को भेजा गया उपजेल सलोनी**

# एक पेड़ मां के नाम में रोपे गए 101 पौधे



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर आमगांव में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी भैया-बहनों ने विभिन्न 101 प्रकार (आम, जामुन, नीम, अमरूद, अशोक वृक्ष, अटकल, गुलमोहर, आंवला, सीताफल, रामफल, नींबू, गेंदा, पीपल आदि) का पौधा लगाया एवं वातावरण को हरा भरा किया। साथ ही साथ भैया-बहनों ने संकल्प लिया कि वृक्षों का देखभाल एवं पौधों को सुरक्षित रखेंगे। साथ में विद्यालय के प्रधानाचार्य भोलाराम देवांगन, परीक्षा प्रभारी गणेशराम भोयर एवं सभी दीदियां उपस्थित रही।

# नीरज विद्या मंदिर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर विशेष कार्यशाला

डोंगरगांव (दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर, मोहड़ में छात्र परिषद पदाधिकारियों द्वारा 'शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका, उपयोगिता एवं चुनौतियाँ' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र में कक्षा 6वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यशाला के दौरान पढ़ाई में एआई के सकारात्मक उपयोग, स्मार्ट स्टडी, डाउट सॉल्विंग, पर्सनलाइज्ड लर्निंग तथा एआई के संभावित दुरुपयोग जैसे गंभीर विषयों पर गहन परिचर्चा की गई। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों व शंकाओं का समाधान आयोजक विद्यार्थियों द्वारा किया गया।




**विद्यार्थियों ने जानी एआई की भूमिका, उपयोगिता और चुनौतियां, ली सकारात्मक उपयोग की शपथ**

### तकनीक सहायक है, विकल्प नहीं : जिवेश द्विवेदी

संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने छात्र परिषद के इस सफल प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि 'तकनीक सहायक है, विकल्प नहीं।' एआई मानव मस्तिष्क का सहायक उपकरण बन सकता है, लेकिन यह कभी भी शिक्षक के मार्गदर्शन और छात्र की अपनी मेहनत का स्थान नहीं ले सकता। कार्यशाला के अंत में सभी ने एआई का प्रयोग केवल ज्ञान संवर्धन और सकारात्मक कार्यों के लिए करने का संकल्प लिया। इस बहुद्देशीय कार्यशाला को सफल बनाने में आयुष सोनी, अर्हम जैन, धीरज थलाल, आदित्य बोरकर, प्रियांशु साहू, शौर्य शर्मा, गौरवी चंद्रवंशी, अश्लेषा चक्रवर्ती, निकिता साहू, हिमांशी जैन, आयुषी श्रीवास्तव एवं नैनशी लोढ़ा की प्रमुख भूमिका रही। कार्यक्रम की जानकारी लिटररी हेड शानिया खान ने दी।

# आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय की जयंती धूमधाम से मनाई गई





डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में आचार्य प्रफुल्लचंद्र राय की जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंच पर वरिष्ठ आचार्य सुरेश दास वैष्णव, थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, विशेष साहू, अमित शुक्ला, स्मृति पांडे, नरेश सिन्हा, ओमप्रकाश महोबिया, प्रदीप सिंहा आदि इनके द्वारा पूजा-अर्चना से कार्यक्रम आरंभ हुआ।

प्रफुल्लचंद्र राय के जीवन से संबंधित गीत कहानी कविता भाषण आदि प्रस्तुत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से टीकम वर्मा, मोहित साहू, प्रियांशु सहारे, प्रेरणा सिन्हा, तोषित साहू, लीना जंघेल, थानेंद्र सेन, विवेक ताम्रकार और ऋषभ वाल्दे द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा विभिन्न प्रकार के पोस्टर, विज्ञान मॉडल, रंगोली चित्रकला आदि प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अमित शुक्ला ने प्रफुल्लचंद्र राय की जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ आचार्य विशेष साहू ने कविता के माध्यम से अपनी बात कही। विनोद ताम्रकार ने प्राचीन ऋषि मुनियों के वैज्ञानिक खोज को बताया। थैलेश साहू ने प्रफुलचंद्र के महत्वपूर्ण कार्यों का बखान किया। सुरेश वैष्णव ने प्रफुल्लचंद्र के रसायन शास्त्र में विभिन्न खोज के बारे में बताया। भैया-बहनों द्वारा मॉडल पोस्ट चित्रकला आदि का अवलोकन किया गया। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व कुमार ड़डसेना, लक्ष्मीकांत सोनकर, याशिका भारद्वाज, दीक्षा ठाकुर, राशि सिंहा और दीपेश लिलहारे ने किया।

# नगरीय निकाय में विकास कार्यों को गति देने कलेक्टर से मिले नगर पंचायत अध्यक्ष

ंबागढ़ चौकी (दावा)। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगरीय निकाय क्षेत्र में अधोसंरचना एवं विकास कार्यों को गति देने के लिए जिला मुख्यालय मोहला में कलेक्टर तुलिका प्रजापति से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग एवं अनुदान दिलाने की मांग रखी। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने नागरिकों के हित और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया है।



**मेरेगांव बस्ती से डिवाईडर व नाली निर्माण कराने की मांग**

### स्टेट हाईवे में डिवाईडर व नाला निर्माण की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर को बताया कि राजनांदगांव-चौकी-मोहला-मानपुर स्टेट हाईवे का निर्माण प्रगति पर है। इसमें अंबागढ़ चौकी में डिवाईडर व नाली का प्रावधान हड्डी गोदाम पानी टंकी से शिवनाथ ब्रिज तक प्रस्तावित है। उन्होंने इसे नगर के प्रवेश द्वार (वार्ड क्र. 1 व 2) मेरेगांव बस्ती के पास कन्या शिक्षा परिसर या नालंदा परिसर के सामने से कराने की मांग की। साथ ही सड़क के दोनों ओर पाथवे व सौंदर्यीकरण हेतु लाइट की व्यवस्था की मांग रखी, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा और यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

### हिंदू शमशान घाट व हॉस्पिटल मार्ग के लिए अनुदान

अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अवगत कराया कि वर्ष 2017 में वार्ड 14 (पांगरी मार्ग) में हिंदू शमशानगृह के लिए 2 एकड़ भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन अनुदान न मिलने से आहता व शेड का निर्माण नहीं हो सका है। जिससे अंतिम संस्कार में परेशानियां आ रही हैं। इसके अलावा उन्होंने वार्ड 4 स्थित खस्ताहाल नया अस्पताल एवं आईटीआई पहुंच मार्ग में सड़क व नाला निर्माण के लिए शासन से अनुदान स्वीकृत करने का आग्रह किया।

### डीएमएफ मद से स्वर्ग रथ व किचन शेड की मांग

निकाय की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए नगर अध्यक्ष ने शवों को मुक्तिधाम तक ले जाने के लिए डीएमएफ मद से झमुक्तांजलि/स्वर्ग रथ' वाहन उपलब्ध कराने का निवेदन किया। साथ ही कान्हे प्राथमिक शाला एवं वार्ड 14 प्राथमिक शाला में मध्याह्न भोजन संचालन हेतु किचन शेड निर्माण के लिए अनुदान की मांग रखी। भेंट के दौरान उन्होंने बस स्टैंड, एसटीपी, नालंदा परिसर, चौपाटी व कॉम्प्लेक्स निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन का आभार भी जताया।

# शा.उ.मा. विद्यालय जादूटोला में शाला परिषद का गठनः तुषार बने शालानायक, जया उपशालानायक



छुरिया (दावा)। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जादूटोला में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शाला परिषद का गठन निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न हुआ। यह पूरी प्रक्रिया विद्यालय के प्राचार्य ए.के. खान के कुशल मार्गदर्शन में 30 जुलाई को आयोजित की गई। लोकतांत्रिक पद्धति से हुए इस निर्वाचन में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चुनाव परिणाम के बाद बाल परिषद के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। शालानायक तुषार कुमार गंगासागर उपशाला नायक कुमारी जया छात्र प्रतिनिधि कुमारी गीतिका क्रीड़ा सचिव लक्ष्मी अनुशासन सचिव कुमारी राधा स्वास्थ्य सचिव कुमारी खुशबू सांस्कृतिक सचिव योगमाया शाला विकास समिति के अध्यक्ष उदय प्रकाश यादव ने निर्वाचित सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उम्मीद जताई कि बाल परिषद के पदाधिकारी विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को बेहतर बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्राचार्य ए.के. खान एवं समस्त शिक्षक वृंद ने भी सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# आईसीसी रैंकिंग में चमारी अटापट्टू ने हासिल की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग

नई दिल्ली। श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच हाल ही में समाप्त हुई वूमेन्स व्हाइट-बॉल सीरीज का असर अब ICC रैंकिंग में भी साफ दिखाई दे रहा है। शानदार प्रदर्शन का इनाम श्रीलंका और पाकिस्तान की कई खिलाड़ियों को मिला है। खास तौर पर श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने ICC की ताजा रैंकिंग में छलांग लगाते हुए बड़ा कारनामा कर दिखाया है।



हरमनप्रीत ने भी लगाई छलांग

रैंकिंग में श्रीलंका की अनुभवी कप्तान चमारी अटापट्टू ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच में 39 और दूसरे मुकाबले में 40 रन की अहम पारियों की बदौलत वह एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत की धाकड़ स्टार बल्लेबाज शैफाली वर्मा को एक पायदान का नुकसान हुआ है। अटापट्टू ने शैफाली वर्मा को 7वें स्थान पर धकेल दिया है।

ICC वूमेन्स T20I बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी अब भी शीर्ष पर बनी हुई हैं। उन्होंने हाल ही में वूमेन्स ञ्20 वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन कर प्लेयर ऑफ सीरीज का पुरस्कार जीता था। टॉप-10 महिला T20I बल्लेबाजों की रैंकिंग में 3 भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें स्मृति मंधाना तीसरे, शैफाली वर्मा 7वें जबकि भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 10वें स्थान पर हैं। श्रीलंका की युवा बल्लेबाज इमेशा दुलानी ने भी अपने करियर की सबसे बड़ी छलांग लगाई है। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में नाबाद 101 रन की पारी खेलने के बाद वह 33 स्थान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जो उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। ODI बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय कप्तान हरनमनप्रीत कौर को एक स्थान का फायदा हुआ है। हरमनप्रीत अब 9वें पायदान पर पहुंच गई हैं। भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान की सिद्रा अमीन को 10वें नंबर पर धकेल दिया है। गेंदबाजों की ODI रैंकिंग में पाकिस्तान की स्पिनर नशरा संधू को तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# राज्यसभा चुनाव विवाद: मीनाक्षी नटराजन की याचिका पर हाईकोर्ट सख्त, तीनों नवनिर्वाचित सांसदों को नोटिस जारी

नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य का नामांकन निरस्त किए जाने को चुनौती देते हुए कांग्रेस नेत्री मीनाक्षी नटराजन की तरफ से हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बी.पी. शर्मा की एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश से निर्वाचित तीनों राज्यसभा सदस्यों सहित अन्य अनावेदकों को नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 11 सितंबर को होगी।



नटराजन द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि तेलंगाना की एक अदालत में एक महिला द्वारा दायर निजी परिवाद में मीनाक्षी नटराजन को प्रतिवादी बनाया गया था। इसी कारण अदालत ने उन्हें नोटिस जारी किया था। याचिका के अनुसार उनके खिलाफ न तो कोई आपराधिक मामला दर्ज था और न ही कोई आपराधिक मुकदमा विचाराधीन था। याचिका में आरोप लगाया गया है कि राज्यसभा चुनाव के दौरान उनके नामांकन पर आपत्ति दर्ज होने के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने नियमों के विपरीत जल्दबाजी में कार्रवाई करते हुए यह कहते हुए नामांकन निरस्त कर दिया कि उन्होंने न्यायालय में लंबित प्रकरण की जानकारी छिपाई है। याचिका में मध्य प्रदेश से निर्वाचित राज्यसभा सदस्य तरुण चुघ, रजनीश कुमार अग्रवाल और महेश केवट समेत केन्द्रीय चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त, रिटर्निंग अधिकारी, प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश विधान सभा तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी राज्य चुनाव आयोग को अनावेदक बनाया गया है। वहीं इस मामले में मीनाक्षी नटराजन का कहना है कि उन्होंने सुनवाई के दौरान रिटर्निंग अधिकारी को स्पष्ट किया था कि संबंधित परिवाद में उनके खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं है। उन्हें केवल औपचारिक रूप से प्रतिवादी बनाया गया है। इसके बावजूद उनका नामांकन निरस्त कर दिया गया, जो नियमों के विपरीत है। मीनाक्षी ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर की इस हरकत से उन्हें राज्यसभा नामांकन से वंचित होना पड़ा। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता अजय गुप्ता व आर्यन गुप्ता ने पैरवी की।

# छ.ग. राजपूत महासभा इकाई डोंगरगढ़ की बैठक सम्पन्न

डोंगरगढ़(दावा)। छ.ग राजपूत महासभा राजनांदगांव पंजीयन क्र. छ.ग./49/2001 की छ.ग. राजपूत महासभा इकाई - डोंगरगढ़ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बैठक 02/08/2026 को ऊपर माँ बम्लेश्वरी मंदिर डिप्पानी के केन्टिन हाल में राजनांदगांव जिला के सम्मानिय पदाधिकारी अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह , उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, महासचिव जय नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष रामनारायण सिंह एवं सक्रिय सदस्य अजय सिंह परिहार संरक्षक आर.एन. सिंह की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

डोंगरगढ़ इकाई के संस्थापक स्वर्गीय पी.पी. सिंह द्वारा 30.09.2003 को सर्वप्रथम गठन की गई थी। जिनके श्रद्धेय स्मृति में गुरुपूर्णिमा 2026 के पावन पुनीत शुभ अवसर पर इकाई - डोंगरगढ़ के शहर एवं ग्रामीण अंचल के पुरुष वर्ग प्रकोष्ठ एवं महिला वर्ग प्रकोष्ठ मनोनित पदाधिकारियों नाम से अवगत कराया गया। श्री रामाकांत सिंह संयोजक द्वारा इकाई-डोंगरगढ़ के ज्वलंत समस्या राजपूत भवन निर्माण की लंबित प्रकरण फाइल की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। धीरेन्द्र प्रताप सिंह संरक्षक द्वारा देश के सम्पूर्ण राजपूत समाज पर प्रकाश डालते हुए, संगठन की शक्ति - क्षमता की महत्व को स्पष्ट किया गया। महेन्द्र सिंह परिहार संरक्षक द्वारा विधिक विधि से समाज के समस्याओं के समाधान के मार्गदर्शन के साथ सदैव सहयोग प्रदान की जाने की मंतव्य को स्पष्ट किया गया।श्रीमती शीला सिंह गहरवार संरक्षिका द्वारा मातृशक्ति पर अपनी मृदुल विचार- अनुभव आधारित प्रस्तुत की गई जो अनुकरणीय रहा।



15 अगस्त को जिला स्तरीय सामाजिक समरसता एकता-अरवण्डता के लिए बैठक राजनांदगांव में

श्रीमती राधासिंह अध्यक्ष एवं श्रीमती मिताली सिंह द्वारा सदैव संगठन को सम्बलता प्रदान करने के लिए अपनी बात प्रस्तुत की। अमरेश्वर सिंह संरक्षक द्वारा आंग्ल भाषा के कोटेशन के माध्यम से स्वर्गिय पी.पी. सिंह द्वारा संगठित समाज को सदैव अखण्ड और गति प्रदान करते रहने के लिए मार्गदर्शन प्रदान की गई। पश्चात राजनांदगांव के संरक्षक आर.एन. सिंह जी द्वारा सहज-सरल-मृदुल भाषा शब्दों से- समाज की महत्व पर प्रकाश डालते हुए - भारत वर्ष के प्रजातंत्र में भारत के समग्र राजपूतों की विशाल संख्या में एकता और अखण्डता स्थापित कर हर संभव रूप की भाँति आज भी समाज एवं राष्ट के समग्र समृद्धि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है, के साथ सामाजिक पदाधिकारी प्रकोष्ठ के पुरुष वर्ग प्रकोष्ठ एवं मातृशक्ति महिला वर्ग प्रकोष्ठ के नामकरण, कार्य एवं भूमिका की सम्पूर्ण वास्तविक स्थिति से अवगत कराई गई ।

15 अगस्त को जिला स्तरीय सामाजिक समरसता एकता - अरवण्डता के लिए बैठक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला स्तरीय सामाजिक समरसता एकता - अरवण्डता के लिए महाराणा प्रताप भवन न्यू चंदा कॉलोनी राजनांदगांव में दोपहर 3.00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन की जानकारी प्रदान की गई, जिसके अंतर्गत सामाजिक गतिविधि प्रस्तुति, समाज के होनहार, मेधावी, प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को अध्ययन, क्रीडा एवं सांस्कृतिक एवं अन्य विशिष्ट क्षेत्रों में विशिष्टता पूर्ण स्थान अर्जित किये हैं उन बच्चो को प्रोत्साहन - आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान की जानी है के साथ इकाई डोंगरगढ़ से बच्चो की सूची की चाह कर इकाई डोंगरगढ़ समाज को आमंत्रित की गई।

# ग्राम हल्दी में जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट ने चलाया हिंदी भाषा जागरूकता अभियान

राजनांदगांव (दावा)। जीवन आधार पब्लिक चैरिटी ट्रस्ट राजनांदगांव के तत्वावधान में ग्राम पंचायत हल्दी में ग्रामीणों को दैनिक बोलचाल एवं व्यवहार में हिंदी भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।



ग्रामीणों ने कार्यालयीन व दैनिक बोलचाल में हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक ओम प्रकाश सहारे ने हिंदी भाषा की उपयोगिता और राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी अत्यंत सुगम, सरल और बोधगम्य भाषा है। यही कारण है कि देश की बहुसंख्यक आबादी हिंदी में संवाद करती है। हालांकि, ग्रामीण अंचलों के कुछ निवासी अब भी हिंदी के प्रति पर्याप्त रुझान नहीं दिखा रहे हैं और केवल अपनी क्षेत्रीय बोलियों तक सीमित हैं। इस कारण हिंदी को और अधिक व्यापक व सर्वमान्य पहचान दिलाने में चुनौतियाँ आती हैं।

### हिंदी भाषा की समृद्धि से जीवन शैली भी होगी समृद्ध

श्री सहारे ने जोर देकर कहा कि हिंदी देश की सबसे महत्वपूर्ण भाषा है। जब आम जनता इसका व्यापक उपयोग करेगी, तभी भाषा की वास्तविक समृद्धि और प्रगति सुनिश्चित होगी। उन्होंने सभी से संकल्प लेने का आह्वान किया कि वे न केवल दैनिक बातचीत में, बल्कि कार्यालयीन व औपचारिक कामकाज में भी हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करें। भाषा की समृद्धि से मनुष्य की बौद्धिक क्षमता और जीवन शैली में भी निखार आता है। जागरूकता कार्यक्रम से प्रभावित होकर हल्दी के ग्रामीणों ने सहर्ष संकल्प लिया। ग्रामीणों ने कहा कि अब तक वे मुख्यतः छत्तीसगढ़ी भाषा का ही उपयोग करते आ रहे थे। जिससे औपचारिक संवाद में कठिनाई महसूस होती थी।

# किसान 14 अगस्त तक करा सकेंगे खरीफ फसलों का बीमा

**राजनांदगांव (दावा)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 में किसान अपने फसलों का बीमा 14 अगस्त तक करा सकते हैं। पूर्व में यह तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई थी। जिसमें बढ़ोत्तरी की गई है। जिले के ऋणी एवं अऋणी दोनों श्रेणी के किसान निर्धारित तिथि तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराकर प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान से सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं।



प्राकृतिक आपदा से सुरक्षा के लिए समय रहते लाभ उठाने की अपील

उप संचालक कृषि टीकम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए फसल बीमा किसानों के लिए सुरक्षा कवच का कार्य करता है। सूखा, बाढ़, जलभराव, ओलावृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से फसल को नुकसान होने की स्थिति में योजना के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिले में धान (सिंचित एवं असिंचित), मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, अरहर, उड़द, मूंग, कोदो, कुटकी तथा रागी जैसी अधिसूचित खरीफ फसलों का बीमा कराया जा सकता है। योजना का लाभ भू-धारक एवं बटाईदार किसान दोनों ले सकते हैं। खरीफ 2026 के लिए किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है। जिसके तहत धान (सिंचित) 1320 रूपए, धान (असिंचित) 990 रूपए, मक्का 1056 रूपए, सोयाबीन 1100 रूपए, मूंगफली 924 रूपए, अरहर 880 रूपए, उड़द 660 रूपए, मूंग 638 रूपए, कोदो 484 रूपए, कुटकी 484 रूपए, रागी 550 रूपए देय प्रीमियम राशि निर्धारित की गई है।

फसल बीमा कराने के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ऋण पुस्तिका (ऋणी किसानों के लिए), स्वघोषणा पत्र अथवा बुवाई प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। किसान अपनी सहकारी समिति, संबंधित बैंक, भारतीय कृषि बीमा कंपनी तथा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से भी फसल बीमा करा सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा जिले के सभी किसानों से फसल बीमा कराने की निर्धारित अंतिम तिथि 14 अगस्त 2026 से पूर्व अनिवार्य रूप से अपनी खरीफ फसलों का बीमा कराकर योजना का लाभ लेने तथा प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में अपनी मेहनत और आय को सुरक्षित करने की अपील की गई है।

# डोंगरगढ़-कटघोरा रेल परियोजना मंजूर सांसद के प्रयास रंग लाए



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगढ़-कटघोरा रेल परियोजना को केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने पर सांसद प्रतिनिधि एवं छत्तीसगढ़ शासन के केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के सदस्य देवशरण सेन ने इसे राजनांदगांव जिले के विकास के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय के निरंतर प्रयासों और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सुखद परिणाम है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में रेल संपर्क, व्यापार, उद्योग और रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे।

देवशरण सेन ने जारी अपने बयान में कहा कि डोंगरगढ़-कटघोरा रेल परियोजना की मंजूरी से पूरे राजनांदगांव जिले सहित आसपास के क्षेत्रों के विकास को एक नई दिशा मिलेगी।

**देवशरण सेन ने केंद्र व राज्य नेतृत्व का जताया आभार, सांसद को दी बधाई**
**क्षेत्र में व्यापार, उद्योग, पर्यटन और रोजगार के खुलेंगे नए द्वार**

### संसद से रेल मंत्रालय तक सांसद ने की प्रभावी पहल

श्री सेन ने कहा कि लंबे समय से इस महत्वपूर्ण रेल लाइन की मांग की जा रही थी। जिसे अब केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है। सांसद संतोष पाण्डेय ने संसद से लेकर रेल मंत्रालय तक इस परियोजना के लिए लगातार प्रभावी पहल की। उनके सतत प्रयासों के कारण ही आज यह बहुप्रतीक्षित सपना साकार होने की दिशा में आगे बढ़ा है। देवशरण सेन ने इस ऐतिहासिक सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।

### विकास को मिलेगी नई गति

सदस्य, केश शिल्पी कल्याण बोर्ड व सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन ने कहा कि इस रेल परियोजना के शुरू होने से क्षेत्र में यातायात सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार होगा। उद्योग व व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, किसानों और व्यापारियों को माल परिवहन में सुगमता होगी तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सांसद संतोष पाण्डेय के नेतृत्व में जिले में आधारभूत सुविधाओं का निरंतर विकास हो रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**खड़गे चिल्लाए, हंगामे पर खड़े हो गए सभापति....**

की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। दोपहर में कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो आरजेडी सांसद मनोज झा ने भी अपनी बात रखी। प्रश्नकाल हंगामे के बीच चला और सदन को फिर दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

इसके बाद उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की अध्यक्षता में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 चर्चा के लिए पेश किया। विपक्ष के विरोध के बीच चर्चा हुई और विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही 5 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। उधर, लोकसभा में भी दिनभर हंगामा जारी रहा। सुबह 11 बजे कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्य वेल में पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कई बार सदस्यों से अपनी सीटों पर लौटने और सदन चलने देने की अपील की, लेकिन हंगामा नहीं थमा। दोपहर 2 बजे सदन की कार्यवाही फिर शुरू हुई तो पीठासीन दिलीप सैकिया के सामने विपक्षी सदस्य दोबारा वेल में पहुंच गए। इसी दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कराधान और अन्य विधियां (संशोधन) विधेयक, 2026 पेश किया। इसके कुछ देर बाद उन्होंने विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2026 भी सदन में रखा। लगातार हंगामे के बीच दोनों विधेयक बिना विस्तृत चर्चा के ध्वनिमत से पारित हो गए। पीठासीन दिलीप सैकिया ने विपक्ष से कई बार सहयोग की अपील की, लेकिन जब हंगामा नहीं रुका तो लोकसभा की कार्यवाही भी 5 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

0 जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026

जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुका है। अब इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति और राजपत्र में अधिसूचना के बाद यह कानून बन जाएगा। इस संशोधन का उद्देश्य जन्म और मृत्यु के देर से होने वाले पंजीकरण पर सख्ती बढ़ाना है। नए प्रावधान के तहत, यदि जन्म या मृत्यु का पंजीकरण घटना के 2 साल से अधिक समय बाद कराया जाता है, तो प्रथम श्रेणी के न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति अनिवार्य होगी।

**राहुल गांधी बोले- आरएसएस इतिहास बदलने.....**

कहा कि सैनिक स्कूलों में आरएसएस की दखल बेवजह बढ़ रही है। इस पर समिति के चेयरमैन राधा मोहन सिंह ने राहुल से अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज पेश करने को कहा है। चेयरमैन ने स्पष्ट किया कि राहुल जो भी दस्तावेज देंगे, उन्हें स्पष्टीकरण के लिए संबंधित मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

**उदयनिधि स्टालिन को मद्रास हाईकोर्ट से....**

उन्होंने मुख्यमंत्री की एक लोकप्रिय तमिल अभिनेता के साथ दोस्ती के बारे में यौन रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। पुलिस की इस कार्रवाई के विरोध में तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में सैकड़ों डीएमके कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

0 टीवीके पार्टी ने महिला आयोग में दर्ज कराई शिकायतः इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के साथ ही मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने भी सख्त रुख अपनाया है। पार्टी ने इस भाषण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

0 सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने का गंभीर आरोपः शिकायतकर्ताओं ने उदयनिधि स्टालिन और द्रमुक आईटी शाखा के पदाधिकारियों पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इन लोगों ने जानबूझकर महिलाओं को नीचा दिखाने, अभिनेत्री और आम महिलाओं को मानसिक पीड़ा पहुंचाने का काम किया है। साथ ही, समाज में जानबूझकर जन अशांति फैलाने के इरादे से इस घटना का दो मिनट 39 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रसारित किया गया है।

**टीएमसी सांसदों को धमका रही पुलिस...**

छात्र, युवा और बुजुर्ग- सभी जाग चुके हैं। बिहार की डबल इंजन सरकार का हाल देखिए। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के क्षेत्र में पहले पार्टी को कितनी बढ़त और कितने प्रतिशत वोट मिले थे, और अब उसमें कितनी गिरावट आई है।

0 भाजपा के खिलाफ माहौल बनने का दावाः टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने दिखा दिया है कि डबल इंजन सरकारों के खिलाफ जनता में नाराजगी बढ़ रही है। घोष ने दावा किया कि किसानों, युवाओं, छात्रों और मजदूरों में राजनीतिक जागरूकता बढ़ी है और यही आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा तय करेगी।

0 कल्याण बनर्जी बोले, बीजेपी के गिरने लगे विकेटः बांकीपुर उपचुनाव मेंप्रशांत किशोर की जीत पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि, बांकीपुर तो बस शुरुआत है, पूरा भारत इसी रास्ते पर चलेगा। बीजेपी के विकेट गिरने शुरू हो गए हैं। नरेंद्र मोदी की सरकार 2029 के लोकसभा चुनाव तक नहीं टिकेगी। सुवेंदु अधिकारी की बागी टीएमसी सांसदों से मुलाकात पर वे कहते हैं, बंगाल के लोगों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे गद्दार किसके साथ बैठते हैं। यह बस समय की बात है, बांकीपुर में जो हुआ, वही बंगाल में भी होगा।

**डाबर के 100 प्रतिशत शुद्ध दावे....**

एफएसएसएआई के अनुसार 100 प्रतिशत शब्द की फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स (एडवरटाइजिंग एंड क्लेम्स) रेगुलेशंस, 2018 में कोई तय परिभाषा नहीं है। इसलिए 100 प्रतिशत नेचुरल, 100 प्रतिशत प्योर, 100 प्रतिशत प्योरिटी गारंटीड और 100 प्रतिशत ऑर्गेनिक जैसे दावे लोगों को गुमराह कर सकते हैं। इसी वजह से एफएसएसएआई ने फूड कंपनियों को ऐसे दावे करने से बचने की सलाह दी है। नियमों के मुताबिक किसी भी खाद्य उत्पाद पर किया गया दावा सच, स्पष्ट और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित होना चाहिए। अगर कोई कंपनी भ्रामक या बिना सबूत के दावा करती है, तो एफएसएसएआई उसे नोटिस भेज सकता है, लेबल बदलने का आदेश दे सकता है, उत्पाद की बिक्री रोक सकता है और दूसरी कार्रवाई भी कर सकता है।

# टीएमसी के बागियों में पड़ी दरार : मंगल मिलन बैठक से रहे नदारद, NCPI के तीन मुस्लिम सांसदों ने बनाई दूरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्रियों और एनडीए के सहयोगी दलों के नेताओं ने मंगलवार को संसद परिसर में आयोजित सत्तारूढ़ गठबंधन की साप्ताहिक संसदीय बैठक मंगल मिलन में हिस्सा लिया। हालांकि, इस बैठक में एनसीपीआई के तीन सांसदों खलीलुर रहमान, अबू ताहेर खान और यूसुफ पठान की अनुपस्थिति सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रही। टीएमसी से अलग हुए 20 सांसदों के इस समूह के भीतर एनडीए के साथ रिश्तों को लेकर मतभेद के संकेत भी सामने आ रहे हैं। इससे पहले 28 जून को हुई पहली मंगल मिलन बैठक में भी ये तीनों सांसद शामिल नहीं हुए थे।



संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अबू ताहेर खान ने साफ कहा कि हम एनडीए के साथ नहीं हैं और न ही भाजपा में जा रहे हैं। आज भी एनडीए की बैठक थी, लेकिन हम तीनों उसमें शामिल नहीं हुए। हालांकि मुख्यमंत्री (सुवेंदु अधिकारी) द्वारा बुलाई गई बैठक में जरूर जाएंगे क्योंकि वह मेरे संसदीय क्षेत्र के विकास कार्यों से जुड़ी है। साथ ही हम मुसलमानों के खिलाफ किसी भी कदम का समर्थन नहीं करेंगे।

### शुभेंदु अधिकारी के संसद पहुंचने के क्या मायने हैं?

मंगलवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी भी संसद भवन पहुंचे। हालांकि उनके दौरे को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई विशेष जानकारी नहीं दी गई, लेकिन इसे राजनीतिक हलकों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, जंगीपुर, मुर्शिदाबाद और बहारामपुर जैसे मुस्लिम बहुल लोकसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन तीन सांसदों ने अपने मतदाताओं की नाराजगी को देखते हुए एनडीए की बैठक से दूरी बनाए रखी। मतदाताओं के बीच भाजपा के साथ उनकी कथित नजदीकी को लेकर सवाल उठ रहे थे। इन तीन सांसदों की अनुपस्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि लोकसभा में 20 सदस्यीय एनसीपीआई समूह को अभी तक स्पीकर ओम बिरला से आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है।

### दल-बदल कानून के तहत क्या चुनौती सामने है?

यदि यह अलग हुआ समूह दल-बदल विरोधी कानून के तहत संरक्षण चाहता है, तो उसे टीएमसी के मूल 28 लोकसभा सांसदों में से कम से कम दो-तिहाई यानी आवश्यक संख्या अपने साथ होने का दावा साबित करना होगा। ऐसे में किसी भी तरह की अंदरूनी असहमति उनके लिए मुश्किलें बढ़ा सकती है। एनसीपीआई के फ्लोर लीडर सुदीप बंद्योपाध्याय भी मंगलवार को पहली बार एनडीए संसदीय दल की बैठक में शामिल हुए। वे 28 जून की बैठक में मौजूद नहीं थे। उन्होंने कहा कि मैं देश के सबसे वरिष्ठ सांसदों में से एक हूं। एनसीपीआई पूरी तरह एकजुट है। यह एक अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने बागी सांसदों के बीच मतभेद की अटकलों को खारिज करने की कोशिश की।

# छमुमो की मांग : प्रदेश में खुले भविष्य निधि के 2 क्षेत्रीय और 4 जिला कार्यालय को लेकर डॉ. रमन सिंह को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ. मुक्ति मोर्चा के सचिव बसंत साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं जिला कार्यालयों के विस्तारीकरण के संबंध में डॉ. रमन सिंह अध्यक्ष, विधानसभा एवं विधायक को विस्तृत डेटा व अनेक्सर में नक्शा के साथ 31 जुलाई 2026 को ज्ञापन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा एवं छत्तीसगढ़ माईन्स श्रमिक संघ के प्रतिनिधि मंडल छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर, नम्मु यादव, प्रेमनारायण वर्मा, बसंत साहू, भगोली वर्मा एवं अन्य प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।

छ.मु.मो. के बसंत साहू ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य मे भविष्य निधि का एक मात्र क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में और एक जिला कार्यालय बिलासपुर में संचालित हो रहा है, जो कुल 37,700 प्रतिष्ठानों, 116 ईपीएस मुक्त, 165 ईडीएलआई मुक्त प्रतिष्ठानों, लगभग 28 लाख सदस्यों जिसमें लगभग 8,00,000 से ऊपर सक्रिय सदस्य एवं 1,18,000 से अधिक पेंशनरों को सेवा प्रदान कर रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य क्षेत्रफल के अनुसार देश में दसवें स्थान, जनसंख्या के अनुसार सोलहवें स्थान तथा जनसंख्या घनत्व के अनुसार छब्बीसवें स्थान पर स्थित है। इसके बावजूद वर्तमान में संम्पूर्ण राज्य के लिए केवल एक ही क्षेत्रीय कार्यालय कार्यरत है। जबकि तुलनात्मक रूप से अन्य राज्यों में संगठन (कार्यालय) का पर्याप्त विस्तारीकरण किया जा चुका है तथा वहां अनेक क्षेत्रीय कार्यालय एवं जिला कार्यालय कार्यरत है। हालाँकि एक जिला कार्यालय. वहां अनेक क्षेत्रीय कार्यालय एवं जिला कार्यालय कार्यरत है। हालाँकि एक जिला कार्यालय बिलासपुर 6 कर्मियों के साथ कार्यरत है, जहां मात्र अनुपालन संबंधी कार्य होता है। यहां हितग्राहियों के लिए आवश्यक सुविधाएं नहीं है। ईपीएफओ (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार) के द्वारा, एक नए कार्यालय खोलने के लिए निर्धारित मापदंडो (सक्रिय सदस्यों की अधिकतम संख्या 7,50,000 पार) को अब छत्तीसगढ़ पार कर चुका है तथापि इस दिशा में कोई व्यापक कदम नहीं उठाये जा रहे है। सभी यूनियनों ने समस्या से अवगत कराए कि छत्तीसगढ़ राज्य की भगौलिक, जनसंख्या संबंधी एवं प्रशासनिक अवश्यकताओं के दृष्टिगत राज्य में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के कार्यालयों के विस्तारीकरण की अत्यंत आवश्यकता है।



भौगोलिक दृष्टिकोण से-राज्य के भौगोलिक फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से रायपुर की दूरी 400 से 450 किलोमीटर तक है। राज्य के कई आदिवासी. वनवर्ती एवं दूरस्त जिलों में रेल्वे अथवा नियमित बस सेवा जैसी सुचारू सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। परिणामस्वरूप् हितग्राहियों को अपनें दावों, शिकायतों एवं अन्य कार्यो के लिए अत्यधिक दूरी तय करनी पडती है. जिससे उनके बहुमूल्य समय एवं आर्थिक संसाधनों की अनावश्यक क्षति हो रही है। यह स्थिति "Ease of Living" एवं "Citizen Centrik Services" की मूल भावना के प्रतिकूल है। बेहतर सेवा के दृष्टिकोण से एकमात्र कार्यालय होने के कारण कार्यभार के बोझ की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यदि 2016 की तुलना में भी यदि 2025 के कार्य-वितरण का अवलोकन किया जाय तो लगभग 850 प्रतिशत तक कार्य में वृद्धि परिलक्षित होती है, जबकि स्टाफ सैंक्शन लगभग यथावत है। कुल 37,700 प्रतिष्ठानों, 116 ईपीएस मुक्त, 165 ईडीएलआई मुक्त प्रतिष्ठानों लगभग 28 लाख सदस्यों जिसमें लगभग 8,00,000 सक्रिय UAN सदस्य एवं 1,20,000 से अधिक पेंशनर इस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में आते है। परिणामस्वरूप सीमित मानव संसाधन पर अत्यधिक कार्यभार पड़ रहा है, जिससे न केवल सेवा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, बल्कि कर्मचारियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में कम से कम 02 अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय भौगोलिक दृष्टि से बिलासपुर, राजनांदगांव एवं 04 जिला कार्यालय भौगोलिक दृष्टि से जगदलपुर (दंतेवाड़ा). अंबिकापुर (सरगुजा) एवं राजनांदगांव में छ.मु.मो. के 14 यूनियनों द्वारा शीघ्र स्थापित किए जाने की ज्ञापन में मांग की गई है। राजनांदगांव जिला के राजनांदगांव में भविष्य निधि कार्यालय शीघ्र खुल जाने से जिला-राजनांदगांव सहिंत दुर्ग, बालोद, चौकी-मोहला मानपुर एवं खैरागढ़ के आम जनता को सुविधाजनक हो जाएगी। जिसके लिए स्थान चयन की आवश्यकता पर ध्यानाकर्षण कराया गया।

# संकुल स्तरीय आवर्ती प्रशिक्षण का आयोजन लाल बहादुर नगर में संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। संकुल स्तरीय आवर्ती प्रशिक्षण का आयोजन लाल बहादुर नगर में किया गया। जिसमें पूनम चंद साहू संकुल प्रभारी ढालचंद यादव संकुल प्रभारी देवेंद्र नंदेश्वर प्रधानाचार्य हनुमत धर्मगुदे, श्रीमती रानी देवांगन आसाराम पटेल, केवल वर्मा, सुनील पटेल, पूरन पटेल एवं संकुल से 52 आचार्य दीदी वैदिक गणित एवं शिशु वाटिका का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती ओम एवं भारत माता के चित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया एवं जिला स्तरीय एवं संकुल स्तरीय खेलकूद पर भी चर्चा किया।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिरचारीकला में योगाभ्यास सत्र का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। आयुष विभाग के निर्देशानुसार जिले के आयुष्मान आरोग्य मन्दिरों में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिरचारीकला में योग प्रशिक्षक श्री विनोद कुमार सोनी द्वारा योगाभ्यास कराया गया। योग सत्र में शामिल ग्रामीणों को नियमित योगाभ्यास करने एवं योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रत्येक बुधवार को बीपी एवं शुगर के मरीजों को सेंटर में सुबह योग के लिए आने की सलाह दी गई। इस दौरान पौधरोपण किया गया तथा पौधों का वितरण किया गया।

# पानी के छींटे डालने से मना करने पर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में पानी के छींटें डालने से मना करने पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले 3 आरोपियों को धर दबोचा है और उनके पास से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का पेचकस जब्त की है। बताया जाता है कि उक्त घटना में शामिल एक विधि से संघर्षरत बालक को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



## आरोपियों ने प्रार्थी पर डाले पानी के छींटें

बसंतपुर थाना प्रभारी कौशलेश देवांगन ने बताया कि प्रार्थी सालिक राम निषाद (उम्र 32 वर्ष), निवासी बम्हनीभांठा ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने साढ़ू भाई के मकान निर्माण कार्य हेतु ग्राम सिंगदई आया हुआ था। वहां 2 अगस्त रविवार की रात्रि भोजन उपरांत वह अपने साढ़ू भाई चुरामन निषाद एवं गोवर्धन निषाद के साथ सार्वजनिक शौचालय गया था। उसी दौरान आरोपी मिनी ठाकुर उर्फ टुमेश्वर मरई पानी का पाउच फाड़कर उन पर पानी के छींटे डालने लगा। मना करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों एवं लोहे के पेचकस से हमला किया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 358/2026 अंतर्गत धारा 296, 115(2), 351(2), 118(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी मिनी ठाकुर उर्फ टुमेश्वर मरई, गौरव मंडावी एवं रामजी मंडावी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने एक नाबालिग साथी के साथ मिलकर घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पेचकस जप्त किया गया। तत्पश्चात तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर तथा विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालक को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। आरोपियों को धर दबोचने की कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक देवांगन सहित प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक अहतर अली एवं भुनेश्वर जायसी की सराहनीय भूमिका रही।

# स्मार्ट मीटर से जनता पर बढ़ा आर्थिक बोझ, सरकार जवाब दे - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के पूर्व अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर योजना आम उपभोक्ताओं के लिए राहत नहीं बल्कि आर्थिक संकट का कारण बनती जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई परिवारों के बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है, जिससे गरीब, किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों का मासिक बजट पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से लगातार ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल पहले की तुलना में काफी अधिक आने लगे हैं। पहले जहां उपभोक्ता सीमित आय में बिजली का खर्च आसानी से वहन कर लेते थे वहीं अब बढ़े हुए बिलों के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महंगाई के इस दौर में रसोई, बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी खर्चों के बीच बिजली का अतिरिक्त भार आम लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार ने स्मार्ट मीटर को आधुनिक व्यवस्था बताकर लागू किया, लेकिन इसका लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा है। उल्टा उपभोक्ताओं में असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में जनता के हित में काम कर रही है तो उसे स्मार्ट मीटर से जुड़े सभी मामलों की पारदर्शी जांच करानी चाहिए और जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में असामान्य वृद्धि हुई है उन्हें तत्काल राहत प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली आज प्रत्येक परिवार की मूलभूत आवश्यकता है। ऐसे में बढ़ते बिजली बिलों ने गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति को और कमजोर कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग लगातार बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर चिंता जता रहे हैं।

सरकार को इस विषय को गंभीरता से लेते हुए उपभोक्ताओं की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए। श्री साहू ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। यदि स्मार्ट मीटर व्यवस्था से लोगों को परेशानी हो रही है तो सरकार को उसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर योजना की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, उपभोक्ताओं के बढ़े हुए बिजली बिलों की समीक्षा की जाए तथा जरूरत पड़ने पर पुराने मीटर लगाने का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता के हितों की लड़ाई लड़ती रही है और भविष्य में भी बिजली उपभोक्ताओं की आवाज मजबूती से उठाती रहेगी। अंत में भागवत साहू ने कहा कि यदि सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हित में लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से जनभावनाओं का सम्मान करते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

# ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान से जुड़ने का आह्वान - श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा



## रक्षाबंधन पर वीर जवानों को रक्षा-सूत्र भेजकर राष्ट्रभक्ति का संदेश देने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत सभापति श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने जिले की मातृशक्ति, युवाओं एवं सामाजिक संगठनों से रक्षाबंधन के पावन अवसर पर ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के प्रति सम्मान, विश्वास और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है।

श्रीमती सिन्हा ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय सेना के जवान अपने परिवारों से दूर रहकर हर परिस्थिति में देश की सुरक्षा का दायित्व निभाते हैं। ऐसे वीर सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के स्नेह का पर्व नहीं, बल्कि सुरक्षा, विश्वास और समर्पण का प्रतीक भी है। इसी भावना के साथ प्रदेश की बहनों द्वारा भेजे जाने वाले रक्षा-सूत्र सैनिकों तक पहुंचाकर उन्हें यह संदेश दिया जाता है कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान वर्षों से प्रदेश में सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अभियान के माध्यम से लाखों रक्षा-सूत्र छत्तीसगढ़ की पावन मिट्टी के तिलक के साथ भारतीय सेना के जवानों तक सम्मानपूर्वक पहुंचाए जा चुके हैं। यह अभियान केवल राखी भेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि सैनिकों के प्रति पूरे समाज की भावनाओं, सम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बन चुका है।

श्रीमती सिन्हा ने जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं, महिला मंडलों, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों, युवा संगठनों तथा आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक रक्षा-सूत्र हमारे वीर जवानों के लिए प्रेम, सम्मान और विश्वास का संदेश लेकर जाएगा तथा उनका मनोबल और अधिक मजबूत करेगा। श्रीमती सिन्हा ने कहा कि राजनांदगांव हमेशा से सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रणी रहा है। उन्हें विश्वास है कि इस बार भी जिले की मातृशक्ति, छात्र-छात्राएं और विभिन्न संगठन उत्साहपूर्वक अभियान से जुड़कर सैनिकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करेंगे और रक्षाबंधन के पर्व को राष्ट्रभक्ति के उत्सव के रूप में मनाएंगे। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में रक्षा-सूत्र तैयार कर अभियान से जुड़ें और देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों तक अपना स्नेह, शुभकामनाएं और सम्मान पहुंचाने में सहभागी बनें। साथ ही उन्होंने कहा कि सैनिकों का त्याग और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा उनके सम्मान में किया गया प्रत्येक प्रयास राष्ट्रसेवा के समान है।

# उद्योग प्रतिनिधियों से आयुक्त ने की चर्चा बाडी विकास और आंगनबाड़ी उन्नयन पर जोर

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने सोलर पेनल लगाने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण के लिए निगम सीमाक्षेत्र में बाडी विकसित करने तथा आंगनबाडियो का उन्नयन करने आयुक्त जी.आर.मरकाम ने आज निगम सभागृह में विभिन्न उद्योग के प्रतिनिधियो की बैठक लेकर जनभागीदारी से समग्र विकास के लिए बिन्दुवार विचार विमर्श किए। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने सोलर पेनल लगाने भी अपील किए।

बैठक में आयुक्त ने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाता है, गत वर्षो मे लगाये अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप भी ले चुके है। इसी परिप्रेक्ष्य में शहर के ग्रामीण वार्डो में बाड़ी विकास के तहत विभिन्न पौधे लगाकर बाडी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए आप लोगों की बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि शहर 51 वार्डो में बटा है, जिसमें शहरी वार्ड के अलावा कुछ ग्रामीण वार्ड भी है। ग्रामीण वार्ड में घर के पास बाडी रहती है, जिसे सीएसआर मद से विकसित करने की परिकल्पना है, इस संबंध में जिलाधीश महोदय के नेतृत्व में बाडी विकसित करने उनके निर्देश पर बैठक बुलाई गयी है।

आयुक्त ने कहा कि बाडियो मे बाउण्ड्री फैंसिंग, पानी आदि की सुविधा रहती है, यदि हम बाडी मालिको को फलदार पौधे देकर या पौधे लगाकर उन्हे दे तो वे उसकी रक्षा कर सकते है। उन्होंने कहा कि बाडी के किनारे किनारे मुनगा, कटहल, जाम, आम,नीबू, गुलहड आदि पौधे लगाये जा सकते है, पौधे एंव अन्य आवश्यक व्यवस्था जनसहयोग से किया जा सकता है। इसी प्रकार हमारे 17 एसएलआरएम सेन्टर जहॉ गिला कचरा से कम्पोस्ट खाद तैयार करते है, उस उपयोगी खाद को पौधे विकसित करने उपयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निगम सीमाक्षेत्र के लगभग 7 सौ बाडियो को विकसित करने का लक्ष्य है, जिसमें आप सबका सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि बाडी विकसित करने के बदले बाडी मालिकों को सोलर पेनल लगाने संकल्पित किया जायेगा, ताकि बिजली बिल से मुक्ति दिलाने तथा पर्यावरण संरक्षण में उनका योगदान हो सके।

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि इसी प्रकार शहर की आंगनबाडियों को सीएसआर मद से सुदृढ़ीकरण करने की योजना है, हमारे शहर में 156 आंगनबाडी केन्द्र है, जिसमें बहुत से आंगनबाडी भवन क्षतिग्रस्त है, जिनका मरम्मत कर रंगरोगन, आवश्यकता अनुसार बाउण्ड्रीवाल निर्माण कर उसका आधुनिकीकरण किया जायेगा तथा परिसर में फलदार एवं सब्जी के पौधे रोपित किए जायेगे। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओ की प्रारंभिक जॉच, सुपोषण, नवजात बच्चो का भरण पोषण तथा छोटे बच्चो की प्रारंभिक शिक्षा का आंगनबाडी सशक्त माध्यम है, जिसका सुदृढीकरण में सहयोग करना सौभाग्य की बात है।

# ग्राम कोपेडीह में श्री तुलसी जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

राजनांदगांव(दावा)। 22 एवं 23 अगस्त को मनाया जाएगा तुलसी जन्मोत्सव श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला इकाई राजनांदगांव के अध्यक्ष सुभाष यादव तथा ब्लॉक अध्यक्ष राधेलाल यादव के नेतृत्व में केंद्रीय एवं शीर्ष पदाधिकारियों के संयुक्त तत्वावधान में आगामी श्री तुलसी जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर ग्राम कोपेडीह स्थित सामुदायिक महिला भवन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में ग्राम कर्मा महिला संगठन की पदाधिकारी एवं महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आगामी श्री तुलसी जन्मोत्सव को सफल बनाने के लिए तन, मन एवं धन से सहयोग करने का संकल्प व्यक्त किया। उपस्थित सभी महिलाओं ने आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने हेतु पूर्ण सहभागिता का विश्वास दिलाया। बैठक का संचालन श्री तोरण साहू ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्री राधेलाल यादव, अध्यक्ष, श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई द्वारा किया गया। बैठक के अंत में महिला समूह की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। आयोजन की रूपरेखा को सफल दिशा देने में ग्राम के श्री रामबिलास साहू एवं श्री विनोद साव का विशेष योगदान रहा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुभाष यादव ने ग्रामवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि ग्राम कोपेडीह में श्री तुलसी जन्मोत्सव का आयोजन होना पूरे ग्राम के लिए गौरव एवं सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से आयोजन को सफल बनाने हेतु सेवा, सहयोग एवं सहभागिता प्रदान करने का आग्रह किया। प्रतिष्ठान के जिला महामंत्री लक्ष्मण साहू ने बैठक में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दिवस 21 अगस्त शाम 6.00 बजे से कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी तपश्चात ध्वाजारोहण के साथ शुभारंभ होगा जो दो दिवस तक 10 मानस मंडलीयो की भव्य प्रस्तुति होगी 23 तारिक को निरंजन महाराज जी लिमतरा वाले का आशीर्वाद प्राप्त होगा एवं आयोजन की विस्तृत रूपरेखा, विभिन्न व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों की जानकारी देते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

# वैचारिक प्रतिबद्धता और समर्पण की अमूल्य धरोहर है 'सत्याग्रह'



## डॉ. रमन सिंह ने किया आशीष सिंह ठाकुर की पुस्तक का विमोचन

राजनांदगांव (दावा)। श्री हरि ठाकुर स्मारक संस्थान के तत्वावधान में रविवार को स्पीकर हाउस रायपुर के सभागृह में साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. आशीष सिंह ठाकुर की पुस्तक 'सत्याग्रह' का विमोचन किया गया। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्याग्रह आंदोलन के सौ वर्ष पूरे होने पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार के उत्तराधिकारी आशीष सिंह ठाकुर की पुस्तक का प्रकाशन महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ के जल, जंगल और संघर्ष की संवेदनशील गाथा को समेटे यह कृति स्व. आशीष सिंह जी की वैचारिक प्रतिबद्धता और समाज के प्रति उनके समर्पण की अमूल्य धरोहर है। इस अवसर पर उन्होंने राजनांदगांव जिले के बादराटोला जंगल सत्याग्रह में शहीद रामाधीन गौड की शहादत को याद किया। समारोह के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आशीष सिंह की यह किताब नई पीढ़ी के लिए प्रेरणाश्रोत है। उन्होंने लेखक के साथ अपने संबंधों का स्मरण किया।विशेष अतिथि शशांक शर्मा ने कहा कि आशीष सिंह लेखक और पत्रकार होने के साथ साथ एक अच्छे कार्यक्रम संयोजक भी थे। वे एक बार जो ठान लेते थे उसे पूरा करके ही छोड़ते थे। विशेष अतिथि गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि आशीष सिंह ने अपने कुल की मर्यादा के अनुरूप कार्य किया। उन्होंने अपने पूर्वजों की विरासत का न केवल संरक्षण किया अपितु छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता आंदोलन के उस पक्ष को सामने लाने का प्रयास किया जिससे ज्यादातर लोग अनजान थे। इसके पूर्व राजनांदगांव के वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक वीरेन्द्र बहादुर सिंह ने विमोचित कृति पर विस्तृत आधार वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन आशीष सिंह के छोटे सुपुत्र और संस्कृतिकर्मी उपमन्यु सिंह ने एवं आभार प्रदर्शन संस्थान के अध्यक्ष चेतन भारती ने किया।

इस अवसर पर पूर्व कुलपति एवं इतिहासकार डॉ. लक्ष्मीशंकर निगम, प्रोफेसर सुरेश देशमुख, अशोक तिवारी, सेवानिवृत डीआईजी नीलकांत सिंह,अभिमन्यु सिंह, शायर अब्दुस्सलाम कौसर, डॉ. चंद्रशेखर शर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं बुद्धिजीवी उपस्थित थे ।

# कॉमनवेल्थ से लौटी 'सिल्वर गर्ल' ज्ञानेश्वरी का संस्कारधानी में स्वागत






## रैली, अभिनंदन के साथ लहराया तिरंगा, राष्ट्रीय पर्व सा रहा माहौल

**राजनांदगाँव(दावा)।** ग्लासगो ( स्कॉटलैंड ) में आयोजित कॉमन वेल्थ गेम्स में भारोत्तोलन की रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव के गृह नगर लौटने पर आज उनका अभूतपूर्व स्वागत हुआ। उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सजे रथ में तिरंगा ओढ़े ज्ञानेश्वरी जब बाईक रैली के साथ निकलीं तो लोगों ने नगर की बेटी को आशीर्वाद दिया। यहाँ संस्कारधानी और खेलधानी में आज उन्हें सजे धजे रथ पर बिठाकर शानदार रैली निकाली गई। भव्य अभिनंदन समारोह हुआ। तिरंगा लहराया गया। देश भक्ति के गीतों के बीच पूरा माहौल राष्ट्रीय पर्व सा हो गया। ज्ञानेश्वरी यादव के स्वागत कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से यादगार बनाने की तैयारी जय भवानी व्यायाम शाला परिवार, नगर निगम ने की। नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन सहित खेल प्रेमियों का उत्साह आज देखते ही बनता था। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज पूर्वान्ह ज्ञानेश्वरी यादव के स्वागत में रेलवे स्टेशन के निकट गायत्री मंदिर चौक (पोष्ट ऑफिस चौक) से विशाल बाइक रैली कामठी लाइन, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, जयस्तंभ चौक, दुर्गा चौक, गौरव पथ होते हुए आडिटोरियम पहुंची। रैली के दौरान रथ पर आरूढ़ ज्ञानेश्वरी का नागरिकों व नागरिक संगठनों ने आत्मीय स्वागत किया।

महापौर मधुसूदन यादव ने आडिटोरियम के सभागार में बैठे नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञानेश्वरी यादव का श्रेष्ठ सम्मान तब होगा जब आप सभी एक साथ खड़े होकर तालियाँ बजायें। खचाचच भीड़ ने बिना देरी किये ऐसा ही किया। फिर महापौर ने कहा कि ज्ञानेश्वरी ने कम आयु में इतनी कड़ी मेहनत अपने लिये ही नहीं की। उनकी मेहनत और सफलता से नगर, जिला, प्रदेश समेत पूरा देश गौरवान्वित है। शहर के स्कूली बच्चों व समाजसेवी महिलाओं सहित विभिन्न संस्था-संगठन के लोगों से खचाखच भरे आडिटोरियम में समाजसेवी अंजुम अल्वी और रईस अहमद शकील द्वारा आई बी ग्रुप की ओर से ज्ञानेश्वरी को मेमोंटो प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसी तरह अग्रवाल समाज, जैन समाज व अन्य समाज द्वारा ज्ञानेश्वरी का स्वागत सम्मान कर हर्ष जताया।

### महापौर मधुसूदन यादव ने दिया 2 लाख रुपए का चेक

बता दें कि शहर के प्रथम व्यक्ति महापौर मधुसूदन यादव इन दिनों खासे एक्टिव हैं, उन्होंने ने चाहे पद्मश्री फूलबासन यादव, हो या अंतरराष्टीय बांस वादक विक्रम यादव पर आई आपदा हो या फिर शहर का नाम रौशन करने वाली भारोत्तोलक खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी की जीत की खुशियां स्वयं सामने खड़े रहकर बाईक रैली का नेतृत्व किया और तिरंगा लहराते हुए खुले जीप में सवार होकर ज्ञानेश्वरी के साथ सबका अभिवादन स्वीकार किया। राजनांदगाँव जोन के आईजी अजय यादव ने कहा कि वेट लिफ्टिंग के क्षेत्र में ज्ञानेश्वरी यादव ने बड़ा कमाल कर दिखाया है। अपनी बरसों की मेहनत से जो फल पाने का सपना होता है। उसे हकीकत में बदलकर इन्होंने देश प्रदेश सहित राजनांदगाँव जिले का नाम ऊँचा किया है। पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर स्मृति आडिटोरियम में उनका भव्य नागरिक अभिनंदन हुआ। उन्हें तिरंगा, गुलदस्ता व शाल-श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष सम्मान दिया गया। उक्त अवसर पर एसपी सुश्री अंकिता शर्मा ने कहा कि ज्ञानेश्वरी ने बुलंदियों को छुआ है। इन्होंने कॉमन वेल्थ गेम्स के भारोत्तोलन में रजत पदक लाकर देश, प्रदेश और अपने जिले का नाम रोशन किया है। सुश्री शर्मा ने कहा मुझे वो दिन याद है जब वे छुट्टी के लिये मेरे पास आयीं थीं।

कलेक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि सफलता को हावी नहीं होने देना चाहिये। दृष्टि अगले लक्ष्य पर हो। खुद की मेहनत और खुद पर भरोसा रहना चाहिये। ज्ञानेश्वरी में ये बात है। ज्ञानेश्वरी की सफलता पर श्रेय लेने देने तो लोग आते रहेंगे पर अब उन्हें और कड़ी मेहनत करने पर ध्यान लगाना होगा। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा प्रथम गुरु माता- पिता होते हैं। उन्होंने जब विडियो कॉल कर ज्ञानेश्वरी को बधाई दी तो यही कहा कि आज गुरू पूर्णिमा है और सबसे बड़े गुरू माता-पिता ही होते हैं इसलिए उनकी अपेक्षाओं को पूरा करना। अभिनंदन से अभिभूत ज्ञानेश्वरी यादव ने सभी शुभचिंतकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें जय भवानी व्यायाम शाला के संस्थापक स्व. पुरुषोत्तम आजमानी (सत्तू भैया) ने आशीर्वाद दिया था। उनका आशीर्वाद फलित हो रहा है ज्ञानेश्वरी ने विनम्र भाव से कहा मैंने कॉमन वेल्थ में पिताजी से फोन पर कहा था कि मुझे सोना मिलना चाहिये था, रजत से संतुष्ट नहीं हूँ, तब पिताजी ने कहा था कि विश्व स्तर के खेल आयोजन में रजत पदक मिलना भी बड़ी बात है। मैं पिताजी की भावनाओं का आदर करती हूँ। मैंने अपने सम्मान में इतनी भीड़ पहली बार देखी है ।अब मेरा लक्ष्य एशियन गेम्स और ओलंपिक है। ज्ञानेश्वरी यादव के प्रशिक्षक, जयभवानी व्यायाम शाला एवं जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अमित आजमानी ने कहा कि भारोत्तोलन के क्षेत्र में ज्ञानेश्वरी का सफर इसी व्यायाम शाला से शुरू हुआ था। उन्होंने जीवन में अभावों के साथ संघर्ष किया फिर भी अनुशासित होकर कठिन मेहनत करती रहीं। यह सफलता ज्ञानेश्वरी के अपने लगन, परिश्रम, प्रशिक्षण और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैसी सफलता पायी है उससे भी बड़ी सफलता इन्हें मिलती रहे। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन संरक्षक एवं पूर्व वेट लिफ्टर अजय श्रीवास्तव ने दिया।

### ज्ञानेश्वरी यादव का अग्रवाल समाज ने किया सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को रजत पदक दिलाने वाली संस्कारधानी की बिटिया ज्ञानेश्वरी यादव का राजनांदगांव आगमन पर स्थानीय गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में भव्य नागरिक सम्मान किया गया। सुश्री ज्ञानेश्वरी यादव ने अपनी इस शानदार उपलब्धि से संस्कारधानी के साथ-साथ संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं भारत देश का नाम रोशन किया है, जिस पर पूरे देश को गर्व है। इस गरिमामय सम्मान समारोह में अग्रवाल समाज की ओर से ज्ञानेश्वरी यादव को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष शरद अग्रवाल, संरक्षक विष्णु प्रसाद लोहिया, सचिव अशोक लोहिया, कोषाध्यक्ष अशोक सिंघल, किशोरीलाल लाट, आलोक बिंदल, राजेश खोखरिया, पवन लोहिया, रमणीक अग्रवाल एवं चंकी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### जिले के इन संगठनों ने किया स्वागत

कॉमन वेल्थ गेम में भारोत्तोलन की रजत पदक विजेता ज्ञानेश्वरी यादव का रैली व समारोह में स्वागत शहर-जिले के कई संगठनों ने किया। उन्होंने ऐसा कर अपने परिवार, नगर और प्रदेश और देश का मान बढ़ाया है। ज्ञानेश्वरी यादव के प्रथम राजनांदगांव आगमन पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल के बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गायत्री मंदिर चौक में शाल, श्रीफल और बुके भेंटकर मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत, वंदन और अभिनंदन किया। आयोजक जय भवानी व्यायाम शाला परिवार की ओर से अध्यक्ष अमित आजमानी साथ ही रुचिका आजमानी, अजय लोहार, शशांक तिवारी, मनोज यादव, नीरज शुक्ला, दीपक ठाकुर, अशोक श्रीवास, मोनू बहादुर सिंह आदि ने स्वागत किया। महिला संगठनों की ओर से हेमा सुदेश देशमुख, मुस्लिम समाज की ओर से हाजी रईस अहमद शकील और एबीस ग्रुप से अंजुम अल्वी ने अभिनंदन किया। ज्ञानेश्वरी के स्वागत में सर्व यादव समाज, ब्राह्मण समाज, राजपूत समाज, सतनामी समाज, सिंधी समाज, जिला होटल हलवाई संघ जिला हाकी संघ सहित छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स, खंडेलवाल समाज, सिक्ख समाज, श्रीगुरुसिंग सभा, दमन ग्रुप से संदीप सिंह, दीपक राठौर, नितिनपाल सिंह, ब्रजेश बागड़ी, निशित जैन आदि शामिल रहे। अनेक स्कूली बच्चों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी ज्ञानेश्वरी का स्वागत कर बधाई दी।

## शिक्षा के सितारे हुए सम्मानित : रॉयल किड्स कॉन्वेंट में टॉप 10 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का हुआ अभिनंदन

**स्थापक डॉ. जेबी सिंह की माता स्व. श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह ( माँ ) की पुण्य स्मृति में आयोजित हुआ 'टॉप टेन सम्मान समारोह 2026'**



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट शाला परिसर में 'टॉप टेन सम्मान समारोह 2026' का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह समारोह शाला के आशीर्वादक लाल शंकर बहादुर सिंह की धर्मपत्नी एवं शाला के संस्थापक डॉ. जे.बी. सिंह की पूजनीय माताजी स्व. श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह (माँ जी) की पुण्य स्मृति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. अन्नपूर्णा देवी सिंह की स्मृति में 1 मिनट का मौन रखकर तथा मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, विशेष अतिथि राजगामी संपदा अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू, पार्षद व समाजसेवी शैंकी बग्गा एवं अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

समारोह में शाला के टॉपर विद्यार्थियों के साथ-साथ उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में आरना गुप्ता (कक्षा 1), श्रेयसी चौधरी (कक्षा 3), सुयश वर्मा (कक्षा 4), अर्चिता पारख, अमल चौबे, विवान देवांगन (कक्षा 6), दक्ष चौबे, लब्ध साहू, अनिरुद्ध चौबे (कक्षा 7), अंश नाहटा, दैविक यदु, सागर देवांगन, आरना लोनहारे (कक्षा 8), रिदम कुमार, काव्या सिहानी (कक्षा 9), सालिक नवाज (कक्षा 11), शरण्या श्रीवास्तव, आराध्या शर्मा (कक्षा 12), अथर्व बोम्बले (कक्षा 12वीं उत्तीर्ण) एवं पूर्व छात्र यश यादव, बेस्ट बोर्ड मेंबर में जन्मेजय बहादुर सिंह एवं श्रेयांश बहादुर सिंह, शिक्षक व स्टाफ सम्मान के लिए बेस्ट प्रिंसिपल अभिषेक खंडेलवाल, बेस्ट कोऑर्डिनेटर श्रीमती अपर्णा वर्मा, बेस्ट टीचर श्रीमती गोमती सोनी, रानी सिंह, कराबी केस तथा बेस्ट ऑफिस स्टाफ आर.एन. मिश्रा व पत्रकार में वरिष्ठ प्रेस रिपोर्टर जितेंद्र सिंह राजपूत, ललित ठाकुर एवं आलोक शर्मा का भी अभिनंदन किया गया।

### संस्कार व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

कार्यक्रम में पार्षद शैंकी बग्गा, पूर्णिमा साहू और नीलू शर्मा ने शाला की आईसीएसई शिक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की सराहना की। शाला के उपाध्यक्ष अशोक चौधरी एवं अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने बताया कि संस्थान के पूर्व छात्र राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहरा रहे हैं। इनमें सुष्मिता सिंह (आईएफएस), अनुनय कन्नौजे व अंशदीप बग्गा (आईआईएसईआर), तोहिद अहमद व मयंक साहू (एम्स, रायपुर) और सोनालिका रुचंदानी (यूपीएससी के जरिए भारतीय रेलवे में उच्च पद) शामिल हैं। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर टी.एस. बग्गा, सावंत बहादुर सिंह, प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल, ममता मिश्रा, सरिता सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शहर में आया लज्जतदार फुटु, बाजार में बिक रहा दो सौ रुपए पांव



राजनांदगांव (दावा)। मानसून की गरज-चमक के साथ बारिश होने से जंगलों और मैदानी इलाकों में 'फुटु' (मशरूम) फूटने लगता है। इस बार शुरुआती दौर में बादलों के ज्यादा गर्जन-तर्जन न होने के कारण बाजार से फुटु लगभग नदारद था, लेकिन पखवाड़े भर पहले हुई अच्छी बारिश के बाद अब बाजार में फुटु की आवक शुरू हो गई है। स्वाद में लज्जतदार होने के कारण इसके खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है, वहीं आवक कम होने से यह अभी 1,000 रुपये प्रति किलो के ऊंचे भाव पर बिक रहा है।

**० वनांचल क्षेत्र मानपुर-मोहला से लाकर बेच रहे फुटकर व्यवसायी**
**० कम आवक और अधिक मांग के कारण 1,000 रुपये किलो तक पहुंचे दाम**

### मानपुर-मोहला के वनांचल से हो रही आवक

शहर के महावीर चौक में फ्लाई ओवर के नीचे पसरा लगाए मानपुर-मोहला क्षेत्र के व्यापारियों ने बताया कि अभी मैदानी इलाकों में फुटु नहीं फूट रहा है। वनांचल क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ हुई बारिश के बाद मिले फुटु को वे शहर में बेचने के लिए ला रहे हैं। मात्रा कम होने और ग्राहकों की अधिक मांग के कारण इसके दाम बढ़े हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि यदि एक-दो बार और कड़कड़ाती धूप के बाद गरज-चमक के साथ बारिश होती है, तो फुटु की आवक बढ़ेगी, जिससे कीमतों में गिरावट आ सकती है। फिलहाल शहर के बाजारों में फुटु 200 से 250 रुपये पाव (1,000 रुपये किलो) के भाव पर बिक रहा है। जिसे स्वाद के शौकीन लोग हाथों-हाथ खरीद रहे हैं।

## पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को 'छत्तीसगढ़ रत्न' सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। गत 2 अगस्त को रायपुर स्थित मेकाहारा के खचाखच भरे सभा भवन में 'हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन' द्वारा आयोजित गरिमामय समारोह में पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना को 'छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान' से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें केंद्रीय मंत्री तोखन साहू के मुख्य आतिथ्य एवं अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। डॉ. बाफना को यह सम्मान आदिवासी बच्चों के स्वास्थ्य पर उनके शोध, पांच दशकों से निरंतर स्वास्थ्य स्तंभ लेखन, बच्चों व किशोरों के दमा पर योग के प्रभाव पर डॉक्टरेट, अंधत्व एवं कुपोषण निवारण के क्षेत्र में जनसेवा, अनेक मेडिकल ग्रंथों में अध्यायों के योगदान तथा राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भागीदारी के लिए दिया गया है। तीन विश्व रिकॉर्ड्स धारक तथा पद्मश्री सहित अनेकों राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से अलंकृत डॉ. बाफना की इन विशिष्ट सेवाओं के लिए उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान से विभूषित किया गया।

## जिले के थाना प्रभारियों व आरक्षकों का हुआ तबादला

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और पुलिस व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रभार में फेरबदल करते हुए स्थानांतरण आदेश जारी किया है। तबादला सूची के अनुसार रक्षित केंद्र में पदस्थ निरीक्षक द्वारिका मंडावी को थाना अजाक्स स्थानांतरित किया गया है। रक्षित केंद्र के निरीक्षक हरीनाथ रावत को थाना प्रभारी बोरतलाव बनाया गया है। थाना डोंगरगढ़ के प्रभारी निरीक्षक भूषण चंद्राकर को रक्षित केंद्र राजनांदगांव स्थानांतरित किया गया है। थाना डोंगरगढ़ में पदस्थ आरक्षक अशोक कुमार यादव एवं किसन कुमार चंद्रा को रक्षित केंद्र राजनांदगांव भेजा गया है। रक्षित केंद्र राजनांदगांव के आरक्षक मुकेश कुमार टांडे तथा डीआरजी के मनोज दीवान को थाना डोंगरगढ़ पदस्थ किया गया है। रक्षित केंद्र राजनांदगांव में पदस्थ आरक्षक हीरा लाल यादव को भी थाना डोंगरगढ़ स्थानांतरित किया गया है।

### श्रम न्यायालय राजनांदगांव में कारखाना अधिनियम के तहत दी गई कारावास की सजा

राजनांदगांव (दावा)। द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) अमित जिंदल द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 के तहत दर्ज एक गंभीर मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी को 18 माह की कारावास की सजा तथा 3,15,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

मामला मेसर्स जय ठाकुर देव गुड़ उद्योग का है, जहां संचालक निरंजन कुमार चंद्रवंशी (पिता राम कुमार चंद्रवंशी) द्वारा 18 वर्ष से कम आयु के बालक फगन सिंह परते को काम पर रखा गया था। कारखाने में कार्य के दौरान हुई एक दुर्घटना में उक्त नाबालिग श्रमिक की दुखद मृत्यु हो गई थी। घटना के उपरांत परिवादी कारखाना निरीक्षक दीपेश मेश्राम (सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, राजनांदगांव) द्वारा वर्ष 2023 में श्रम न्यायालय राजनांदगांव में कारखाना अधिनियम 1948 के विभिन्न प्रावधानों के उल्लंघन पर अभियोग पत्र पेश किया गया था। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद 4 अगस्त 2026 को न्यायाधीश अमित जिंदल ने आरोपी निरंजन कुमार चंद्रवंशी को दोषी ठहराते हुए कारखाना अधिनियम 1948 की धारा 92 (9 बार) के तहत 18 महीने के कारावास एवं 3 लाख 15 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

## कांग्रेस के तीखे आरोपों से घिरा निगम, लोगों की समस्याओं पर चेताया

**0 गंदा पानी, बदहाल सड़कें, सफाई संकट और बंद स्ट्रीट लाइट को लेकर नगर निगम का घेराव**

**0 जल्द सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी : जितेंद्र मुदलियार**



राजनांदगांव (दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय का घेराव कर शहर की मूलभूत समस्याओं को लेकर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत नगर सरकार शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल, बेहतर सफाई, पर्याप्त रोशनी और सुरक्षित यातायात जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है।

### मच्छर, सफाई और पेय जल की स्थिति दयनीय : जितेन्द्र मुदलियार

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि फागिंग मशीनें बंद हैं और दवा का छिड़काव न होने से डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ गया है। 6-7 महीनों से सफाई कर्मचारियों को वेतन न मिलने के कारण सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में भी गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है तथा फिल्टर प्लांट एजेंसी की लापरवाही से जलापूर्ति में अकारण कटौती की जा रही है।

### सड़क, स्ट्रीट लाइट व आवारा मवेशी बने परेशानी का सबब

प्रदर्शनकारियों ने शहर की जर्जर सड़कों, बंद पड़ी हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइटों, तथा सड़कों पर घूमते आवारा मवेशियों व कुत्तों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। पूर्व सभापति हफीज खान ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के बीमा प्रीमियम की राशि न चुकाए जाने से कैंसर पीड़ित कर्मचारी भटकने को मजबूर है और कर्मचारी हित की फाइलें रोकी जा रही हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि शहर की इन बुनियादी समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। घेराव प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, राकेश जोशी, इकरामुद्दीन सोलंकी, रूबी गरचा, सूर्यकांत जैन, मामराज अग्रवाल, राजेश गुप्ता चम्पू, सचिन तुरहाटे, पार्षद राजा तिवारी, अमीन हुड्डा, अमित कुशवाहा, अशोक पंजवानी, मनीष गौतम, झम्मन देवांगन, मनीष साहू, पूर्णिमा नागदेवे, राजिक सोलंकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यू लूक एथनॉल प्लांट द्वारा बिना सीओ2 प्लांट लगाए ग्रामीणों के जीवन के साथ खिलवाड़ : नितिन भंसाली



**० पर्यावरण विभाग नियमों की धज्जियां उड़ाकर कर रहा सीटीओ नवीनीकरण की प्रक्रिया : कांग्रेस**
**० मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और मुख्य सचिव से शिकायत कर प्लांट को तत्काल बंद करने की मांग**

रायपुर (दावा)। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता नितिन भंसाली ने राजनांदगांव जिले के ग्राम फुलझार में संचालित 'न्यू लुक बायोफ्यूल्स' एथनॉल प्लांट पर नियमों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 170 केएल क्षमता का यह प्लांट बिना सीओ2 (कार्बन डाइऑक्साइड) प्लांट लगाए विगत दो वर्षों से निरंतर संचालित हो रहा है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों के जीवन और स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

### जहरीली गैसों से फेफड़े, कैंसर व हृदय रोग का खतरा

नितिन भंसाली ने बताया कि शासकीय नियमों व पर्यावरण स्वीकृति (ईसी) की प्राथमिक शर्त के अनुसार जहरीली गैसों के उत्सर्जन को रोकने के लिए सीओ2 प्लांट लगाना अनिवार्य है। इसके बावजूद पर्यावरण विभाग सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर प्लांट को संचालन की सहमति (सीटीओ) के नवीनीकरण की कार्यवाही कर रहा है। बिना सीओ2 प्लांट के संचालन से निकलने वाली जहरीली गैसों के कारण आसपास के ग्रामीणों को फेफड़े, कैंसर व हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। वहीं कृषि भूमि भी बंजर हो रही है।

### विधानसभा में गलत जानकारी देने का आरोप

कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि विधानसभा में इस प्लांट के प्रदूषण से जुड़े सवाल पर पर्यावरण विभाग द्वारा गलत जानकारी भेजी गई। सूचना के अधिकार (आरटीआई) से मिली जानकारी के अनुसार बिना जिला उद्योग कार्यालय राजनांदगांव के उत्पादन प्रमाण पत्र व अनुमति के यह प्लांट अधिकारियों के संरक्षण में बेखौफ चल रहा है।

### प्लांट पर तत्काल रोक लगाने की मांग

भंसाली ने कहा कि कुछ करोड़ रुपये बचाने के लिए शासन की मिलीभगत से ग्रामीणों के स्वास्थ्य से समझौता किया जा रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। पीड़ित ग्रामीण और जनप्रतिनिधि दर्जनों बार शिकायत व जनआंदोलन कर चुके हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्य सचिव एवं पर्यावरण सचिव से शिकायत कर सीटीओ नवीनीकरण पर रोक लगाने तथा सीओ2 प्लांट लगने तक एथनॉल प्लांट को तत्काल बंद कराने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com